इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -234 | राजनांदगांव, गुरूवार 11 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## 'यह युद्ध का समय नहीं', रूस के बाद अब ऑस्ट्रिया से भी पीएम मोदी ने दिया शांति का संदेश, कहा - मासूमों की मौत स्वीकार नहीं

नई दिल्ली। रूस के दौरे के बाद ऑस्ट्रिया पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध की भयावहता को खत्म करने की बात उठाई है। मोदी ने इस बात को दोहराया है कि यह युद्ध का समय नहीं है। साथ ही हाल ही में कीव स्थित बच्चों के अस्पताल पर रूस के हमले में मारे गये यूक्रेनी बच्चों की मौत का मुद्दा भी लगातार दूसरे दिन उठाया है।

ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मोदी ने कहा कि मासूम बच्चों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। पिछले तीन दिनों में भारतीय पीएम तीन बार बच्चों की मौत का मामला उठा चुके हैं। पीएम गुरुवार को सुबह भारत लौटेंगे। विएना के जिस हाल में पीएम मोदी ने शांति का संदेश रूस को भेजा है, वह बहुत ही ऐतिहासिक है।

### यह युद्ध का समय नहीं: पीएम मोदी

मोदी ने कहा, '19वीं सदी में यहां ऐतिहासिक विएना कांग्रेस का आयोजन हुआ था। उस कांफ्रेंस ने यूरोप में शांति और स्थिरता को दिशा प्रदान की थी। मैंने और ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति, सभी पर विस्तार में बात की है। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता।'



पीएम ने कहा, 'कहीं भी हो, मासूम लोगों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। भारत और ऑस्ट्रिया, शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए डायलॉग और डिप्लोमेसी पर बल देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। इसी कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर ने कहा कि भारत एक प्रभावशाली देश है और इसकी अपनी साख है, जोकि यूक्रेन-रूस शांति प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### अमेरिका की पैनी नजर

यह बताता है कि मोदी की इस यात्रा पर अमेरिका ने कितनी पैनी नजर बना रखी है। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जेनरल पैट राइडर ने कहा कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार देश है। उसके रूस के साथ रिश्तों पर हम हमेशा से साफ तौर पर बात करते रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत यूक्रेन में स्थाई शांति लाने में मदद कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है कि रुस के साथ भारत के संबंधों को लेकर हमारी जो चिंताएं हैं, उसको लेकर हम लगातार भारत से विमर्श करते रहे हैं।

### पीएम मोदी का लगातार तीसरे दिन संदेश

भारतीय प्रधानमंत्री की तरफ से अपने विशेष रणनीतिक साझेदार देश रूस के राष्ट्रपति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एनडीए सरकार को टेका देने वालों ने नाक दबाई : चन्द्राबाबू और नीतीश ने अपने राज्यों के लिए 4.80 लाख करोड़ मांगे

**नई दिल्ली (गु.स.)। केन्द्र सरकार 23 जुलाई को आम बजट प्रस्तुत करने वाली है। तभी नीतीश कु मार और चन्द्राबाबू नायडू ने बजट के पहले ही सरकार की नाक दबाकर 4.80 लाख करोड़ रूपए की मांग के साथ अन्य मांगो की लिस्ट उसे थमा दी है। मोदी सरकार नीतीश की जेडीयु के 12 और चन्द्रबाबू नायडू की टीडीपी के 16 सांसदों के टेके पर टीकी है। इसका फायदा उठाने के ध्येय से दोनों मोदी सरकार के पास अपना मनचाहा कराने की फिराक में हैं। चन्द्राबाबू नायडू और नीतीश दोनों ही अपने अपने राज्यों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग कर रहे हैं।**



चन्द्राबाबू और नीतीश कुमार दोनों ही ने अपनी-अपनी मांगो की अलग अलग सूची वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन को दी है। दिलचस्प यह कि, दोनों ने ही केन्द्र सरकार के पास से 1-1 लाख करोड़ रूपए की लांग टर्म लोन की मांग की है। इसका अर्थ यह हुआ है कि दोनों ने ही सांठगांठ करके एक समान राशि की मांग की है।

वर्तमान में केन्द्र सरकार की ओर से राज्यों को इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए बगैर किसी शर्त के लांग टर्म के लिए 50-50 हजार करोड़ रूपए की लोन प्रदाय की जा रही है। चन्द्राबाबू और नीतीश कुमार इस लोन की राशि को दुगूनी कर 1-1 लाख करोड़ की राशि करने की मांग करने की बात सामने आयी है ।

चन्द्राबाबू गत सप्ताह प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री से मिले थे तभी आंध्रप्रदेश के लिए बजट में क्या-क्या होना चाहिए? उसकी सूची सौंप दी थी। चन्द्राबाबू ने आंध्र के नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए तथा पोलावरम सिंचाई प्रोजेक्ट के लिए मोटी राशि की मांग की थी। इसके अलावा राज्य में पिछड़े माने जाने वाले रामायपटनम जिले में अंतर राष्ट्रीय स्तर का पोर्ट तथा कड़प्पा जिले में केन्द्र सरकार पर से आयर्न प्रोजेक्ट की मांग की है। विशाखापटनम, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोयला घोटाला: निलंबित आईएएस रानू साहू की फिर बढ़ी मुश्किलें; जमानत याचिका खारिज



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है. रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी है. फिलहाल रानू साहू को जेल में ही रहना होगा. दरअसल, मंगलवार को रानू साहू की जमानत याचिका पर कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसके बाद जज ने 10 जुलाई तक के लिए फैसला को सुरक्षित रखा था. वहीं बुधवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है. कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के मामले में जमानत याचिका खारिज की है. इससे पहले सोमवार, 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट से ईडी मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू समेत दो हाई प्रोफाइल आरोपियों को जमानत मिली है. दोनों को 7 अगस्त तक अंतरिम जमानत दी गई है. हालांकि ऐसे में रानू साहू को जेल से बाहर आना फिलहाल मुश्किल है.

### ईओडब्ल्यू मामले में जमानत याचिका खारिज

कोयला घोटाले मामले में श्वष्ठ के बाद एसीबी और ईओडब्लू ने नई एफआईआर दर्ज की थी. जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई. इस दौरान रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने फैसले को 10 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था, जिस पर कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, सड़क पर लग गया लाशों का ढेर, 18 की मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक

उन्नाव। उन्नाव जिले में बुधवार सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे भीषण सड़क हादसा हुआ। डबल डेकर बस एक टैंकर से टकरा गई। टकराने के बाद हाईवे पर बस कई बार पलटी। दर्दनाक हादसे में 18 यात्रियों की जान चली गई, जबकि 19 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस (यूपी 95 टी4720) बिहार के शिवगढ़ से राजधानी दिल्ली जा रही थी। जैसे ही स्लीपर बस लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना इलाके में हवाई पट्टी पर पहुंची तो दूध से भरे टैंकर में भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां लाशों का अंबार लग गया। सड़क पर लाश ही लाश दिखाई दे रहीं थीं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में एक बच्चे और महिलाओं समेत 18 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि 20 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस की स्पीड अधिक थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया स्लीपर बस अनियंत्रित होकर टैंकर से टकराई थी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसा इतना भीषण था कि इसे देखकर घटनास्थल पर मौजूद लोग सहम गए। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के सामने हुए सड़क हादसा के बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, पुलिस ने कुछ मृतकों की शिनाख्त कर ली है। उन्नाव के जिला अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि दिल्ली जा रही एक निजी बस में करीब 57 यात्री सवार थे। सुबह 5:15 बजे बस की दूध के कंटेनर से टक्कर होने से 18 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। करीब 20 लोग सुरक्षित हैं, जिन्हें दिल्ली भेजा जा रहा है। छह लोगों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है, बाकी का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। हमारे पास इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था है और हम जल्द से जल्द सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।



बिहार से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुबह करीब 05:15 बजे दूध के टैंकर से टकरा जाने से 18 लोगों की मृत्यु हो गई, 19 लोग घायल हैं। उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बताया कि ''लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक बस एक दूध के कंटेनर से टकरा गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। 5 घायलों को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। मृतक और घायलों की पहचान की जा रही है, हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। पीएमओ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्नाव में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुको ने मुस्लिम महिलाओं को भी दिया गुजारे भत्ते का हक, कहा- धर्म रुकावट नहीं



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिलाओं के भरण पोषण पर एक बड़ी लकीर खींचते हुए कहा कि इसमें धर्म बाधा नहीं है, कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के लिए भी भरण पोषण के लिए पति की जिम्मेदारी तय की। तेलंगाना की महिला ने भरण पोषण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, इस मामले में पति हाईकोर्ट में केस हार गया था, जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की डबल बेंच ने इस पर फैसला सुनाया।

0 सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि मुस्लिम महिला ही नहीं, किसी भी धर्म की महिला भरण पोषण की अधिकारी है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धारा 125 के तहत महिला मेंटेनेंस का केस पति पर डाल सकती है। इसमें धर्म रुकावट नहीं है। जस्टिस नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए एक बड़ी बात भी कही। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि भारतीय पुरुष पत्नियों के त्याग को पहचाने, उन्होंने सलाह दी कि उनके खाते और ज्वॉइंट एकाउंट खोले जाने चाहिए, इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने शहबानो मामले में कानून की धर्मनिरपेक्षता की बात कही थी।

### 0 क्या है पूरा मामला

अदालत ने जिस मामले में यह फैसला सुनाया है, वह तेलंगाना से जुड़ा है, इस मामले में याचिकाकर्ता को प्रतिमाह 20 हजार रुपये का अंतरिम गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया गया था, याचिकाकर्ता मुस्लिम महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत याचिका दाखिल कर अपने पति से गुजारा भत्ते की मांग की थी। इस फैसले को हाईकोर्ट में इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि दंपति ने 2017 में मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार तलाक ले लिया था। परिवार अदालत के फैसले को महिला के पति मोहम्मद अब्दुल समद ने हाईकोर्ट में चुनौती दी।

पति की याचिका पर हाईकोर्ट ने गुजारा भत्ता को संशोधित कर 10 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया, इसके साथ ही अदालत ने पारिवारिक अदालत को इस मामले का निपटारा छह महीने में करने का निर्देश दिया था। इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को देखते हुए एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत लाभ का दावा करने की हकदार नहीं है। याचिकाकर्ता ने यह भी दलील दी थी कि 1986 का अधिनियम मुस्लिम महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद है।

## नीट पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा, आज होनी है सुनवाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से नीट पेपर लीक मामले में बुधवार (10 जुलाई) को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया गया. इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 8 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और सीबीआई से पेपर लीक होने के समय और परीक्षा के बीच की अवधि के बारे में जानकारी मांगी थी।



केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि वह नीट एग्जाम फिर से कराने में समर्थन नहीं है. हलफनामे के अनुसार सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दोषी किसी भी स्टूडेंट को कोई लाभ न मिले. केंद्र सरकार ने कहा कि परीक्षा में कोई बड़े पैमाने पर अनियमितता नहीं हुआ था.

सुप्रीम कोर्ट में दायर इस हल्फनामे में केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि जुलाई 2024 के तीसरे हफ्ते से काउंसलिंग शुरू होगी हो जाएगी। इस दौरान अगर पाया जाता है कि किसी भी छात्र ने गलत तरीके से परीक्षा पास की है तो उसका परीक्षा परिणाम रद्द कर दिया जाएगा। नीट यूजी मामले में केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा कि आईआईटी मद्रास का डेटा एनालिटिक्स कोई असामान्यता या बड़े पैमाने पर गडबडी नहीं दिखाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर अगली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जज साहब, मैं तो जासूसी का शिकार हो गया...- केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 'जासूसी' का शिकार हैं और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी जमानत रद्द करना न्याय की विफलता होगी। जमानत देने के खिलाफ ईडी की याचिका का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा है कि ईडी मामले में अन्य सह-आरोपियों पर 'दबाव' डालने और उन्हें जमानत देने पर ईडी की 'अनापत्ति' के बदले में उनके खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के लिए प्रेरित करने के अवैध उपायों का इस्तेमाल कर रही है।



गौरतलब है कि केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट की अवकाश जज न्याय बिंदु ने 20 जून को जमानत दे दी थी. ईडी की चुनौती पर दिल्ली हाईकोर्ट ने 25 जून को विवादित आदेश पर रोक लगा दी थी. ईडी कहा था कि निचली अदालत ने उन्हें दलीलें सुनने का उचित अवसर नहीं दिया. 'लाइव लॉ' की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस आरोप का खंडन करते हुए केजरीवाल ने कहा है कि जमानत का आदेश तर्कसंगत था, पहली नजर में ये भी दिखाता है कि 'दोनों पक्षों की ओर से उठाए गए प्रासंगिक तर्कों और विवादों' पर विचार करने, उन्हें ईमानदारी से दर्ज करने और उनसे निपटने में उचित विवेक का प्रयोग किया गया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि ईडी द्वारा की गई सभी दलीलें न केवल कानून की नजर में अपुष्ट हैं बल्कि अदालतों के प्रति उनकी 'उदासीनता, असंवेदनशीलता और दबंगई के साथ-साथ अतिक्रमणकारी रवैये' को भी दिखाती हैं। केजरीवाल ने कहा कि 'इस तरह की टिप्पणियां और आक्षेप न केवल न्याय के लिए हानिकारक होंगे बल्कि हमारी जिला न्यायपालिका को भी हतोत्साहित करेंगे।

होम्योपैथिक चिकित्सक एवं सलाहकार
डॉ.विशाल गंगवानी
(BHMS, RHSC)
आशीर्वाद डेन्टल क्लीनिक, बसंतपुर रोड, पुराना हॉस्पिटल के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 6264277529
समय प्रतिदिन- प्रातः 10 से 2 बजे तक, सायं 4 से 8 बजे तक
होम्योपैथिक चिकित्सा प्रकृति के नियमों पर आधारित पद्धति है जिसमें मरीज को बिना साईड इफेक्ट के जटिल बिमारियों का जड़ से निदान की व्यवस्था है।
बिमारियाँ
बच्चेदानी में गठान, महावारी की अनियमितता, ओवरी में सिस्ट, एनजाइटी डिजआर्डर, बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना, बच्चों का बहुत हाइपर एक्टिव होना, माइग्रेन, पुराना सरदर्द, एलर्जीक खुजली, एलर्जीक सर्दी-खाँसी, टान्सिलाइटिस, मानसिक तनाव, नींद न आना, डिप्रेशन, अस्थमा, सोरीएसीस, पथरी, ब्लडप्रेशर, मधुमेह, थाइराईड, साईटिका
विशेषकर पुराने जटिल एवं असाध्य रोग
होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में सफलता पूर्वक अनुभव के साथ। हम आज के इस बिमारियों के युग में मरीज की संपूर्ण देखभाल बिना किसी इफेक्ट के होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति से प्रभावकारी तरीके से करने हेतु कटिबध्द है।
नया केस अपांइटमेंट के द्वारा लिया जाता है।
अन्य क्लिनिक - चंदखुरी- आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम, चंदखुरी भाटा
(समय : प्रति मंगलवार- प्रातः 10 से 2 बजे तक)

## 30 जून को कार्यकाल खत्म होने के बाद भी भाजपा ने पार्टी के संविधान के विरुद्ध नड्डा को अध्यक्ष पद पर चालू रखा

नई दिल्ली (गु.स.)। भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का कार्यकाल बढ़ाना या कम करना, इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। निर्णय लेने का अधिकार पार्लियामेंट्री बोर्ड के पास है। भाजपा ने फरवरी 2024 में पार्टी की राष्ट्रीय समिति की बैठक बुलाकर संविधान में संशोधन करने का प्रावधान रखा है कि आपातकाल के समय में अध्यक्ष का कार्यकाल तथा उसमें वृद्धि करने का अधिकार पार्लियामेंट्री बोर्ड के पास रहेगा। किन्तु, भाजपा ने जे.पी.नड्डा के लिए पांच महिने में ही इस संशोधन को ठण्डे बस्ते में डाल दिया है।

नड्डा के अध्यक्षीय पद का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो गया है। इस कार्यकाल को बढ़ाने के लिए भाजपा पार्लियामेन्ट बोर्ड की बैठक आयोजित करनी पड़ेगी। किन्तु, भाजपा ने मोदी कैबिनेट के शपथ ग्रहण के बाद पार्लियामेन्ट की बैठक ही नहीं बुलवायी है। इस कारण, इस बाबत कोई निर्णय ही नहीं हुआ है। भाजपा ने जे.पी. नड्डा के स्थान पर किसी भी कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति भी नहीं की है।



इस परिस्थिति में नड्डा का कार्यकाल अपने आप समाप्त हो गया है, ऐसा माना जाना चाहिए। इसके बावजुद नड्डा को 23 राज्यों का प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। गत मंगलवार को भी नड्डा ने हरियाणा में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष की नियुक्ति की है। जिसे असंवैधानिक कहना चाहिए। भाजपा यूं तो एक व्यक्ति-एक पद के सिद्धान्त का प्रचार करती थी किन्तु नड्डा के किस्से में यह सिद्धान्त नेपथ्य में चला गया है। जिसे लेकर पार्टी में ही असंतोष है। लोकसभा के चुनाव के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया है। तभी ऐसा समझा जा रहा था कि, भाजपा नड्डा के स्थान पर बहुत जल्दी किसी को अध्यक्ष बनायेगी। किन्तु, इसके बदले एक महिने के बाद भी अभी तक नड्डा अपने पद पर बने हुए हैं, इससे भाजपा में खलबली मची है। जे.पी. नड्डा को अध्यक्ष पद पर चालू रखकर भाजपा ने संविधान का भंग किया है। संभावना जतायी जा रही है कि इस मुद्दे की चुनाव आयोग को शिकायत की जा सकती है।

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राशय की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# पटवारियों के साथ-साथ तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी हड़ताल पर जाने कमर कसे... प्रशासकीय काम-काज पर दिखने लगा असर

- राजस्व पखवाड़े पर लगा पलीता... फौती, नामांतरण, बंटवारा अभिलेख
- त्रुटि सुधार का काम ठप... नहीं बन पा रहे बच्चों के आय-जाति प्रमाण

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राज्य सरकार छह से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा मना रही है। राजस्व पखवाड़े में शिविर लगाकर फौती, नामांतरण बटवारा अभिलेख त्रुटि सुधार समेत अन्य राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित निदान किया जाना है लेकिन 32 सूत्रीय मांगों को लेकर 7 जुलाई सोमवार से पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से राजस्व सम्बंधित सभी शासकीय काम-काज ठप हो गया है। इस पर दूबर में दो आसाढ़ जैसी कहावत को सिद्ध करने वाली स्थिति तहसीलदारों एवं नायब तहसील दारों की दो दिवसीय हड़ताल के एलान से उत्पन्न हो गई है।

### नायब तहसीलदार से मारपीट

बताया जाता है कि महासमुंद जिले के झलप में नायब तहसीलदार से मारपीट किए जाने से तहसीलदार व नायब तहसीलदार दोनों काफी आक्रोश में है। तहसीलदारों और नायब तहसील दारों ने राजस्व मंत्री टेकराम वर्मा को उक्त सम्बंध में सात्र सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर 10 से 12 जुलाई तक सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल का ऐलान कर दिया है। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदधिकारियों ने मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। हड़ताल से राजस्व के काम काज प्रभावित होने से इंकार नहीं किया जा सकता। राजनांदगांव जिले के तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि हमारी कोई सुरक्षा नहीं रहती। कोई भी पक्ष अपने मन अनुसार नहीं होने पर गाली-गलौज, मारपीट कर देता है। झलप में नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ मारपीट कर दी गई। इससे कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के लोग आक्रोश में है। और तीन दिनों तक सांकेतिक हड़ताल में जाने कमर कस लिया गया है।

### राजस्व पखवाड़ा ठप्प

बताते चले कि छ.ग. राजस्व पटवारी संघ के आहवान पर सोमवार 7 जुलाई से जिले के पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर है। पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से राजस्व सम्बंधी कामकाज पटरी से उतर गया है। पटवारियों के हड़ताल से किसान से लेकर स्कूली बच्चे भी परेशान है। हड़ताल से न केवल जमीन का नक्सा, खसरा, गिरदावरी, बंटाकन व सीमांकन के कार्य पेडिंग में पड़ गए है वही स्कूल पढ़ने वाले बच्चों के आय-जाति प्रमाण पत्र बनाने में दिक्कते हो रही है। यदि हड़ताल लम्बी खीच गई तो रजिस्ट्री का कार्य भी प्रभावित होगा। इधर पटवारियों के हड़ताल पर बैठे दो-तीन दिन हो गए पर शासन स्तर पर उनकी मांगों के संबंध में कोई पहल होते नहीं दिख रहा। इससे संघ का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही।

### पटवारियों में नाराजगी

पिछले दो-तीन दिनों से हड़ताल पर बैठे पटवारियों की 32 सूत्रीय मांगों में से एक भुईया साफ्टवेयर में त्रुटियों को सुधारे जाने या नया प्लेट फार्म डेवलप करने की है। पटवारियों के अनुसार भुईया में फौती बटांकन, नामांतरण दर्ज करने में कई समस्याए है। नामांतरण में क्रेता और विक्रेता दोनों का नाम अपडेट हो रहे है। पटवारी एश्वर्य मिश्रा ने बताया कि एक भूखंड से छोटा टूकड़ा खरीदने पर एन्ट्री में दिक्कतो का सिलसिला बहुत पुराना है। ऐसी त्रुटियों के चलते नागरिकों को भी परेशान होना पड़ता है। बंधक खसरों पर कार्रवाही भी नहीं हो पा रही। भुईया में सुधार का अधिकार पटवारियों के पास नहीं है। ऐसे में नागरिकों को किसी त्रुटि पर फिर से पूरी प्रक्रिया दुहरानी पड़ती है। डिजीटल सिगनेचर रिमूव हो जाने से भी समस्या पैदा होती है। इस सारी परेशानियों को ठीकरा पटवारियों पर फोड़ा जा रहा है। इससे पटवारियों में नाराजगी व्याप्त है। इधर तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए सरकार से सात सूत्रीय मांग को लेकर अड़ गए है और मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस हड़तालों से अभी सप्ताह भर तक राजस्व से सम्बधित प्रशासकीय कामकाज ठप्प बनी रहेगी। जिससे लोगों को परेशान होते रहना पड़ेगा।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर का कोमल सिंह राजपूत ने किया स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आज रायपुर आगमन पर प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में विशेष रूप से सम्मान किया और छत्तीसगढ़ आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार की किसान हित में चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान कोमल सिंह राजपूत के साथ किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिरेंद साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री राजा मखीजा साथ में थे।

## पहला कॉलम...

# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिले में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया जाना है। उन्होंने जिले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखने के उद्देश्य से प्लास्टिक के झंडों का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने मुख्य समारोह स्थल के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिले के सभी शासकीय व सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य समारोह में शामिल होने कहा। उन्होंने परेड एवं रिहर्सल, आमंत्रण कार्ड, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बेरिकेटिंग, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दायित्व सौंपा। कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यायाम एवं देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा झांकी के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने समारोह में सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम डोंगरगढ़ खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अनुपस्थित चल रहे 3 सहायक शिक्षक व 1 अन्य कर्मचारी को जिला प्रशासन ने किया बर्खास्त

खैरागढ़ (दावा)। लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे शिक्षकों पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। 3 शिक्षकों और एक कर्मचारी को बर्खास्त किया गया है। इसमें शासकीय प्राथमिक शाला पांडुका के सहायक शिक्षक संजय कुमार ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला करेला के सहायक शिक्षक महेंद्र वर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुढ़ीपार के सहायक ग्रेड 3 भूपेंद्र सिंह बैंस और शासकीय प्राथमिक शाला हीरावाही की सहायक शिक्षिका सीमा अग्रवाल शामिल हैं। बीते दिनों कलेक्टर ने साप्ताहिक बैठक में शिक्षकों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई थी। इसके बाद जनपद पंचायत सीईओ ने आदेश जारी कर दो शिक्षकों को बर्खास्त किया था। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने दो कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।


श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म

मोहित साहू कृत

हण्डा

छत्तीसगढ़ी भाषा में



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com





# निगम आयुक्त वार्ड भ्रमण के दौरान चौपाटी पुष्पवाटिका का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। वार्ड भ्रमण की कडी में आज निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि अधिकारियों के साथ नीलगिरी पार्क, पुष्पवाटिका चौपाटी का निरीक्षण कर समुचित साफ सफाई एवं व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

पुष्पवाटिका में आकाक्षीय शौचालय निर्माण के लिये स्थल का निरीक्षण कर तत्काल कार्य प्रांरभ करने के आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा। उन्होंने कहा कि पुष्पवाटिका में मनोरंजन के लिये आने वालों के लिये सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण किया जाना है, ड्राईंग डिजाईन के आधार पर शौचालय का निर्माण करें, जिससे लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने चौपाटी एवं पुष्पवाटिका में साफ सफाई के अलावा आवश्यक मरम्मत कर वाटिका दुरूस्त करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर नियमित रूप से कचरा पृथककरण करने कचरा संग्रहण के दौरान घर से ही गीला सूखा अलग अलग कचरा लेने के अलावा सेन्टर में साफ सफाई रखने के निर्देश सेन्टर सुपरवाईजर को दिये। उन्होंने रानीसागर उलट के पास साफ सफाई रखने पानी से बदबू की शिकायत पर चुना ब्लीचिंग डालने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को दिये। नीलगिरी पार्क में सफाई निरीक्षण के दौरान कालोनी में समुचित साफ सफाई, रोड में डिवाईटर के आस पास साफ सफाई करने, नियमित रूप से कचरा उठाने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता दीपक महला व अनिमेष चंद्राकर, पीआईयू देवेश साहू, प्र. पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# पशु क्रूरता का अपराधी 6 माह बाद गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के 6 महिने से फरार पशु कूरता के आरोपी को धरदबोचा है और उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी का नाम शशीकांत साहू पिता रामकृष्ण साहू उम्र 37 वर्ष निवासी 93/47 बाढ गंगा इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) बताया जाता है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गत वर्ष घटना दिनांक 24 दिसंबर 2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की सोमनी से एक लाल रंग की टाटा कंपनी की ट्रक में मवेशी को ठूंस-ठूंसकर भरकर नागपुर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है की सूचना पर पुलिस द्वारा भाजपा कार्यालय के पास मेन रोड पर नाकाबंदी किया गया। इस दौरान टाटा आइसर वाहन क्रमांक सीजी-04/एनएस 4056 के चालक पुलिस को दूर से देखकर वाहन को खडा कर भाग गया। ट्रक मे लगे तालपत्री को हटाकर देखने पर 38 नग गाय, बछडा, बछिया को ठूंस- ठूंसकर क्रूरतापूर्वक बिना हवा पानी चारा के ट्रक मे भरा जाना पाया गया। जिस पर टाटा आइसर ट्रक के चालक के विरूद्ध अप0 क्र0 934/23 धारा 4, 6, 10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

मुखबीर की सूचना पर बुधवार 10 जुलाई को आरोपी शशिकांत को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। कोतवाली थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि आरोपी शशिकांत घटना के बाद से लगातार 6 माह से फरार चल रहा था।

# आज सिकलसेल जांच महाभियान

## कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से सिकलसेल एनीमिया जांच कराने की अपील की

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 11 जुलाई 2024 को एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाभियान का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के सभी मैदानी अमलों की एक दिवसीय सिकल सेल जांच महाभियान के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचकर सिकल सेल एनीमिया की जांच कराकर आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने में सहयोग की अपील की है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि इस महाभियान के तहत 0 से 40 वर्ष के लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग सॉल्युबिलिटी टेस्ट एवं पीओसी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी। महाभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 40 वर्ष के लोगों की स्क्रीनिंग कर पॉजिटिव मरीज को इलाज उपलब्ध कराना तथा निरंतर फॉलोअप करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन के तहत जिले में आगामी 3 वर्ष तक 0 से 40 वर्ष आयु समूह के सभी लोगों की स्क्रीनिंग कर सिकल सेल का उन्मूलन करना है। मरीजों का चिन्हांकन कर उचित परामर्श एवं इलाज प्रदाय करना है। इस एकदिवसीय महाभियान में सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत मैदानी स्तर के अमलों को लक्ष्य दिया गया है, जिसके तहत 0-40 वर्ष की आयु समूह की स्क्रीनिंग कर ऑनलाइन एंट्री दर्ज करनी है। इसके लिए आवश्यक समस्त तैयारी एवं कीट सभी केन्द्रों में उपलब्ध करा दी गई है। महाभियान अंतर्गत लगभग 36 हजार लोगों के स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें छुरिया विकासखंड में 8 हजार, डोंगरगांव विकासखंड में 6 हजार, डोंगरगढ़ विकासखंड में 8 हजार, घुमका विकासखंड में 8 हजार एवं राजनांदगांव शहरी क्षेत्र में 6 हजार का लक्ष्य दिया गया है।


**कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// संक्षिप्त निविदा सूचना //**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1621/2024 राजनांदगांव दिनांक 09 जुलाई 2024

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, राजनांदगांव के जिला मुख्यालय के ग्रंथालय अनुभाग में लेखन सामग्री ए-4 जे.के. रेड 75 जी.एस.एम. एफ.एस. पेपर 75 जी.एस.एम., जजमेंट पेपर सिरपुर लेजर 90 जी.एस.एम, टोनर कार्ट्रेज एच.पी. लेजर जेट प्रो एम 202 डी डब्लू, टोनर कार्ट्रेज एच.पी. लेजर जेट प्रो. 4004 प्रदाय किये जाने हेतु मुहरबंद निविदाएं दिनांक 09.07.2024 से आमंत्रित की जाती है जिसकी अंतिम तिथि 08.08.2024 तथा निविदा खोले जाने की तिथि 09.08.2024 निर्धारित है।

निविदा आवेदन- पत्र व निविदा की शर्ते कार्यालय के बेवसाइट www.rajnandgaon.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है।

सही /-
अध्यक्ष
प्रशासनिक क्रय समिति,
कार्या- प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 242500982/1


# अवैध शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जहां आरोपियों के पास से 88 पौवा देशी प्लेन शराब,112 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व 17 बोतल अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब जब्त की है वहीं शराब तस्करी में उपयोग आने वाले वाहन को भी जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा जब्त की गई। उपरोक्त शराब की कुल कीमत 34840 रू. एवं वाहन पुरानी मारूती आल्टो कार क्र.सीजी-04 बी 1782 की कीमत 80 हजार बताई जाती है। आरोपियों के खिलाफ़ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

बताया जाता है कि पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा मंगलवार 09 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रमेश बंजारे पिता सुकालू राम बंजारे निवासी ग्राम कोपेडीह द्वारा अपने मकान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने रखा है। उक्त सूचना पर गवाह लीलाधर वर्मा व दिलीप वर्मा को नोटिस तामिल कर मुखबीर सूचना से अवगत कराकर पंचनामा तैयारकिया गया तत्पश्चात सहयोगी स्टाप एंव सायबर टीम के साथ शासकीय वाहन एवं अधिग्रहित वाहन के मौके पर रवाना होकर गवाहों के साथ आरोपी रमेश बंजारे पिता सुकालूराम बंजारे उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम कोपेडीह के मकान पहुंचकर आरोपी को मुखबीर सुचना से अवगत कराकर गवाहों के समक्ष मकान की तलाशी हेतु सहमति प्राप्त कर तलाशी लिया गया।

पुलिस ने इस पर आरोपी रमेश बंजारे के मकान के परछी बैठक हाल से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 88 पौवा देशी प्लेन शराब और? एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 98 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की तथा एक प्लास्टिक की बोरी में 14 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हीस्की के अलावा एक बोरी में 12 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब ,एक और प्लास्टिक की बोरी में 05 बोतल अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब प्रत्येक पौवा व बोतल सीलबंद को इलेक्ट्रोनिक्स साक्ष्य का उपयोग कर जप्त कर कब्जे में लिया गया।

आरोपी रमेश बंजारे से गवाहों के समक्ष पूछताछ किया गया जो अपने सहयोगी हेमकुमार बंजारे के साथ शराब दुकान से 04-04 पौवा करने दोनों मिलकर खरीदना एवं उक्त शराब को अपने वाहन कार मारूती आल्टो में हेमकुमार बंजारे के द्वारा परिवहन करना बताया। वहीं आरोपी हेमकुमार बंजारे द्वारा सहयोग करने पाये जाने के मामले मे आरोपी के द्वारा अवैध शराब खरीदी बिक्री एवं परिवहन करने में पूर्ण संलिप्तता पाये जाने पर उसके कब्जे से वाहन मारूती आल्टो को जप्त किया गया। आरोपीगण के द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।


**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700002 अ-6 अ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दसिया बाई ध.प. गणेशराम लहरे, निवासी-नंदई, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित शीट क्रमांक 50 ए, भूखण्ड क्रमांक 90/2, क्षेत्रफल 47.00 वर्गमीटर जो दुखियाबाई ध.प. गणेशराम लहरे, निवासी-चौखड़ियापारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड पर आवेदिका स्वयं का नाम सुधार किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 24.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव



**नाम परिवर्तन**

मैं उषा रानी बघेल पति स्व. नरेन्द्र बघेल, निवासी-ग्राम सोमनी, थाना सोमनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की रहने वाली हूं। मैं अपनी अवयस्क पुत्री छाया बघेल की वली व संरक्षिका होने के नाते यह आम सूचना प्रकाशित करती हूं।

मेरी पुत्री छाया बघेल, जिसके स्कूल प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में उसका नाम हिन्दी में ''छाया बघेल पिता नरेन्द्र बघेल'' एवं अंग्रेजी में "CHHAYA BAGHEL D/O NARENDRA BAGHEL" दर्ज है, जिसका नाम वर्तमान में परिवर्तन उपरांत परिवर्तित होकर "CHHAYA BHATT D/O PAWAN BHATT" हो गया है, जिसे आगे अर्थात् भविष्य में हिन्दी में ''छाया भट्ट आ. पवन भट्ट'' एवं अंग्रेजी में "CHHAYA BHATT D/O PAWAN BHATT" के नाम से ही जाना व पहचाना जायेगा।

दिनांक-10.07.2024
सोमनी, जिला राजनांदगांव

उषा रानी बघेल
निवासी-ग्राम सोमनी, थाना सोमनी, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वास्तविक नाम धनेश वर्मा आ. कुंवर सिंग वर्मा आयु 43 वर्ष निवासी शांति नगर वार्ड नं.10 राजनांदगांव (छ.ग.) है।

अतः मैं अपना पुराना नाम धनेश कुमार जागड़े आ. कुंवर सिंग जागड़े को परिवर्तित कर नया नाम धनेश वर्मा आ. कुंवर सिंग वर्मा रख लिया है।

अतः भविष्य में भी मुझे मेरे नये नाम धनेश वर्मा आ. कुंवर सिंग वर्मा से जाना व पहचाना जाये। जिसकी सूचना प्रकाशन राजपत्र में प्रकाशित हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
धनेश वर्मा
आ. कुंवर सिंग वर्मा
निवासी शांति नगर वार्ड नं. 10
राजनांदगांव (छ.ग.)



**नाम परिवर्तन**

मैं दिनेश कुमार जायसवाल आयु लगभग 44 वर्ष आ.स्व.श्री प्रभुदयाल जायसवाल निवासी-राहुल नगर, वार्ड नं.-32, लखोली शहर तह. व जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) का हूं।

मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बना है जिस पर उसका नाम 'वेदांत जायसवाल' दर्ज है। जिसे परिवर्तित कर शासकीय अशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नाम 'वेदांत जायसवाल' के स्थान पर नाम 'समर्थ जायसवाल आ. श्री दिनेश कुमार जायसवाल' दर्ज कराना चाहता हूं और भविष्य में भी मेरा पुत्र इसी नाम से जाना पहचाना जावेगा। उक्त नाम परिवर्तन के समर्थन में मैं सूचना के प्रकाशन छ.ग. के राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं जिसके संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्त्ता
दिनेश कुमार जायसवाल
आ.स्व. श्री प्रभुदयाल जायसवाल
निवासी-राहुल नगर, वार्ड नं.-32,
लखोली शहर तह. व जिला-राजनांदगांव



**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202406093700014 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतलाल देवांगन आ. स्व. राम प्रसाद देवांगन, निवासी-दीवानपारा, वार्ड नं.22, मानव मंदिर के पास, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 48 बी, भूखण्ड क्रमांक-2/1, क्षेत्रफल 53.00 वर्गमीटर जो धारक रामप्रसाद आ. छन्नू देवांगन, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूखण्ड के धारक रामप्रसाद आ. छन्नू देवांगन की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 24.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-6-8
129-2 900-9
राजधानी
1-3-9
467-7 890-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पशु क्रूरता के आरोप का सामना कर रहे युवक की इलाज के दौरान हुई मौत ने सामाजिक लोगों को किया उद्वेलित

## युवक पर जल्दबाजी में बनाए गए प्रकरण को लेकर विधायक ने पुलिस को आड़े हाथों लिया



**० सामाजिकगण व ग्रामीण विधायक श्रीमती बघेल के नेतृत्व में थाना पहुंचे, पुलिस को गुमराह करने वाले प्रार्थी के विरुद्ध एफ आई आर की शर्तों पर मामला शांत हुआ**

डोंगरगढ़ (दावा)। समीपस्थ आयुर्वेदिक ग्राम बेलगांव में एक आदिवासी युवक की कथित रूप से पुलिस हिरासत और उसके बाद चारों ओर हुई बदनामी एवं गंभीर रूप से घायल होने के चलते हुई मौत के मामले को लेकर परिजन, ग्रामीणजन एवं सामाजिक गानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। विधायक श्रीमती बघेल द्वारा पीड़ित परिवार को पूर्ण रूप से सहयोग करने से सभी को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। इस मामले को लेकर मंगलवार को विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की। उसके बाद उन्होंने आदिवासी समाज और मृतक के परिवारजनों के साथ डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले तथा डोंगरगढ़ के हिन्दूवादी नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। थाना प्रभारी द्वारा गुमराह करने वाले प्रार्थी के विरुद्ध एफ आई आर करने का आश्वासन दिए जाने के पश्चात पीड़ित परिजन व सामाजिक गण शांत हुए। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि एक जुलाई की रात करीब 11 बजे मृतक टाकेचर कंवर गांव के शीतला मंदिर के प्रांगण में खड़ा था। वहीं पर गाय बछड़ों का झुंड भी था। उसी समय मंदिर के पास कुछ असामाजिक तत्व पहुंचे और गलत फहमी में टाकेचर कंवर को गाली गलौज करते हुए दौड़ाने लगे। अपने बचाव में लड़का भागने लगा, तभी मंदिर के पीछे के घर में लगे टीन में लड़के का घुटना कट गया, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया।

### घटना को लेकर दूसरे दिन हुई थी ग्रामसभा

घटना को लेकर दूसरे दिन सुबह होने पर गांव में शोर-शराबा हो गया। गांव में ग्राम सभा हुई. जिसमें ग्राम प्रमुखों द्वारा जानकारी ली गई। उसके बाद गांव प्रमुखों द्वारा शीतला मंदिर में पूजा पाठ कराने का फैसला सुनाकर मामले का निराकरण कर दिया गया था। उसके बाद गांव के कुछ लोगों द्वारा गुप्त तरीके से डोंगरगढ़ के हिंदु समर्थकों को फोन के माध्यम से जानकारी दी गई। फिर उन लोगों ने भी बिना जानकारी लिए डोंगरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

### बिना जांच के पुलिस ने टाकेश्वर को किया गिरफ्तार - विधायक

विधायक श्रीमती बघेल ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि, मामला क्या है, इसकी कोई पुख्ता जानकारी किसी के पास नहीं थी। उस्के बाद भी पुलिस शिकायत होते ही तुरंत गांव पहुंची और टाकेश्वर कवर को गिरफ्तार करके थाना ले गई। जख्मी हालत में लड़के को दिन भर थाना में बिठाकर रखा गया। वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस जांच की बात कर दोहरा मापदंड पेश कर रही है।

# सफाई ठेका पूरी तरह बंद करने की मांग, आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



**धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी संघ द्वारा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर सफाई ठेका पद्धति पूरी तरह से बंद करने की मांग की गई है। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय गोलू नायक ने आयुक्त को सौपे ज्ञापन में कहा है कि काफी लम्बे समय से सफाई कर्मचारी ठेका के अंतर्गत काम कर रहे थे जिसे ठेकेदार एवं नगर निगम द्वारा उन्हें काम से बंद कर दिया गया है। शहर में ठेका के अंतर्गत 300 सफाई कर्मचारी काम कर रहे थे उसकी जगह ठेका बंद कर 100 लोगों को लिया गया है। इससे 200 सफाई कर्मचारी घर से बेघर हो गए है। इसे सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय बताते हुए ठेका पद्धति का विरोध किया गया है और मांग की गई है कि नगर निगम सफाई ठेका पूर्ण रूप से बंद कर सफाई कर्मचारियों को सीधा प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में लिया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ठेका पद्धति में काम करने वाले 300 कर्मचारियों को वापिस काम पर नहीं लिया गया तो वे सड़क पर आकर नगर निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने से नहीं चुकेंगे।

# खुज्जी के नवदीप को 3 स्वर्ण पदक उपाधि



**केन्द्रीय राज्यमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के हाथों से सम्मानित हुए नवदीप**

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम खुज्जी डोंगरगांव निवासी नवदीप देवांगन पिता सुंदरलाल देवांगन को पंडित सुंदरलाल यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा संचालित एम.ए.स्नातकोत्तर संस्कृत की परीक्षा में पूरी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखनलाल साहू सहित यूनिवर्सिटी के कुलपति वंश गोपाल सिंह की गरिमामय उपस्थिति में तीन स्वर्ण पदक उपाधि से सम्मानित किया गया है. नवदीप देवांगन को तीन स्वर्ण पदक उपाधि से सम्मानित होने के बाद खुज्जी डोंगरगांव क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है. नवदीप देवांगन सम्मानित होने के बाद छत्तीसगढ़ के अलावा उनके सामाजिक बंधु और अंचल के शिक्षा जगत को विशेष रूप से गौरवान्वित किया गया है. उनके इस उपलब्धि से उन्हें मोबाइल से तथा घर पहुंच कर लोग बधाई शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## गंगवानी बने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के विधि सलाहकार



राजनांदगांव (दावा)। गत दिनों राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा गई जिसमें अधिवक्ता रमेश गंगवानी को विधिक सलाहकार का पद सोपा गया। इस पर अधिवक्ता रमेश गंगवानी ने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे दिए गए दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा और समाज में मजबूती लाने की दिशा में आगे भी अग्रसर रहूंगा। साथ ही प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज के साथ प्रदेश पूज्य सिंधी पंचायत के समस्त पदाधिकारियों का भी विशेष आभार व्यक्त किया एवं समाज के सभी लोगों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि समाज में कानून के प्रति जागरूकता और भी बढ़ाई जाएगी एवं समय-समय पर विधि के क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# कलेक्टर ने शा. उच्च. माध्य. शाला धामनसरा का किया निरीक्षण



**० सरस्वती सायकल योजना के तहत नव प्रवेशी छात्राओं को किया सायकल वितरण**
**० कलेक्टर ने स्कूल परिसर में किया पौधरोपण**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम धामनसरा के दौरे के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल को हरा-भरा बनाने के लिए स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर बहुत अच्छा एवं साफ-सुथरा है। प्राचार्य, शिक्षक, स्टॉफ एवं ग्रामीणों ने स्वच्छता पर ध्यान देते हुए बहुत अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिले में संपर्क डिवाईस के अच्छे परिणाम रहे हैं और बच्चों उपस्थिति बढ़ी है। इसे सभी स्कूलों में उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे बच्चों की सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी, उपस्थिति बढ़ेगी और संपर्क डिवाईस देखने से शिक्षकों की कौशल भी बढ़ेगा। उन्होंने सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं में नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण किया। उन्होंने राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी बालक एवं बालिका चैम्पियनशिप में विजेता होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल कक्षा 10वीं में गणित विषय पढ़ाया। कक्षा 10वीं की छात्रा वोमेश्वरी पटेल ने 19 का पहाड़ा बहुत अच्छे से बताया, इस पर कलेक्टर ने उसकी तारीफ की। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को सरल तरीके से पढने का तरीका बताया। उन्होंने पहाड़ा याद करने के सरल तरीके के साथ गणित विषय को पढ़ाई करने का आसान तरीका बताया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती रोशनी वैष्णव, सरपंच लोकेश गंगवीर, रामचन्द्र चंद्राकर, उप सरपंच घृतलाल पटेल, कृष्णा पटेल, जीवराखन पटेल, तिलक निषाद, योगेन्द्र दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, प्राचार्य अजय मसीह एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

# गुजराती राष्ट्रीय उच्च. माध्य. शाला का गौरव 'सौरभ'



राजनांदगांव (दावा)। पी.एस.वाय. राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता सत्र 2023-24 में चयनित प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले कक्षा 12वीं के छात्र सौरभ देवांगन को सांसद बृजमोहन अग्रवाल रायपुर के हाथों सिल्वर मेडल एवं प्रमाण पत्र से रायपुर के रेडक्रॉस सभागृह, कलेक्टोरेट, रायपुर में सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर रायपुर के संभागायुक्त एवं जिलाधीश उपस्थित रहे। गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष विनय पटेल, सचिव खुशी सोनछात्रा (सीए), कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल एवं पदाधिकारियों, प्राचार्य डी.एल. नावेलकर सहित समस्त शिक्षकों ने सौरभ देवांगन को बधाई दी।

छात्र सौरभ देवांगन ने माँ गंगा की पवित्रता एवं गंगा जल में आच्छादित प्रदूषण को अपनी प्रतियोगिता का विषय के रूप में चयन कर जनमानस को सचेत करने का प्रयास किया है।

# आयुक्त ने स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ करने, सुचारू पेयजल के लिये सर्वे कर सार्वजनिक नल काटने के दिये निर्देश



**आयुक्त ने की लोककर्म एवं जल विभाग की समीक्षा**

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में स्वीकृत निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ करने व चल रहे कार्यो में तेजी लाने के निर्देश देने के साथ-साथ शहर के सभी वार्डो में सुचारू पेयजल के लिये सर्वे कर सार्वजनिक नल तथा अवैध नल काटने के निर्देश दिये।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने सर्व प्रथम जल विभाग की समीक्षा कर पेयजल सप्लाई के सबंध में चर्चा कर अब तक काटे गये अनावश्यक बहने वाले सार्वजनिक नल की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके ने जानकारी दी कि एक सप्ताह में 52 सार्वजनिक नल काटा गया है, शिकायत एवं सर्वे के आधार पर काटने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि सभी उपअभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में सार्वजनिक एवं अवैध नल का सर्वे करें और टोटीविहीन तथा अनावश्यक बहने वाले नल सूचीबद्ध कर जल विभाग को प्रेषित करें, जिससे उक्त नल काटा जा सकें। साथ ही भवन भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालो के नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कम पानी आने व गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त होती है उसका यथा संभव निराकरण करें, इसी प्रकार नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का भी तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि टंकिया पर्याप्त भरने के पश्चात ही सप्लाई करें, जिससे सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रेशर से पानी आ सके। वाल्व खोलने संबंधी शिकायतों का भी निराकरण करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि कही-कही अमृत मिशन के द्वारा नल कनेक्शन नहीं होने की शिकायत आ रही है, वहा नल कनेक्शन देवे, पार्षदों से सम्पर्क कर छुटे हुये कनेक्शन लगावे, शेष इंटर कनेक्शन करे, पुराने नल कनेक्शन बंद करें, जिससे समान रूप से पेयजल सप्लाई हो सके। उन्होंने एलम ब्लीचिंग की पर्याप्त उपलब्धता रखने कहा ताकि बारिश में शुद्ध पेयजल सप्लाई में रूकावट न हो।

निर्माण कार्य की समीक्षा में आयुक्त ने कहा कि अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो में कराये जाने वाले कार्यो हेतु पार्षदों द्वारा दिये गये कामो का जल्द प्राक्लन तैयार करें। वृक्षारोपण के लिये स्थल सहित अन्य आवश्यक तैयारी करे, पार्षदों से भी सम्पर्क करे, ताकि शहर में वृहद रूप से वृक्षारोपण हो सके। उन्होंने स्कूल मरम्मत एवं आंगनबाडी मरम्मत कार्य की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने बताया कि स्कूल मरम्मत का कार्य पूर्णतः की ओर है तथा आंगनबाडी के लिये निविदा प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने आर.के. नगर उद्यान सहित शहर के उद्यानों में आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सभी तकनीकि अधिकारी अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे कार्यो में प्रगति लावे एवं प्रारंभ होने वाले कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराये तथा जिन ठेकेदारों द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है एवं जिनके द्वारा अधुरा कार्य किया गया है, उन्हे नोटिस जारी कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराये। उन्होंने कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके एवं प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव से कहा कि सभी सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं से कार्य की प्रगति की नियमित रूप से जानकारी लेवे, उसके आधार पर स्थल निरीक्षण करें और कार्य में प्रगति लावे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंगे। निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में आवश्यक तैयारी करने कहा। पिछले सर्वेक्षण में जो कमी थी उसे दूर करे, सर्वेक्षण के बिन्दुओ के आधार पर तैयारी करें, एसएलआरएम सेंटरों में व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शहर में साफ सफाई के अलावा लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाकर उन्हें स्वच्छता से जोडे। बैठक में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती, उपअभियंता सर्वश्री दीपक महला, श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री आयुषी सिंह, अनिमेष चंद्रकार, तिलक राज ध्रुव, अशोक देवांगन, डागेश्वर कर्ष, अनुप पांडे, अमृत मिशन के अधिकारी राजेश पवार व ईब्राहिम भाई, लिपिक राहुल ठाकुर, फिटर सेवाराम व सोमनाथ उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट के सालिक ने शतरंज महामुकाबले में लहराया परचम



राजनांदगांव (दावा)। कादंबरी महिला स्वसहायता समूह द्वारा कचरा संग्रहित शिक्षा संस्कार एवं खेल के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट के नौवीं कक्षा के छात्र सालिक नवाज शतरंज महामुकाबले के विजेता बने। यह शतरंज प्रतियोगिता अंबुजा मॉल के प्रबंधक और चेस सिटी रायपुर के सहयोग से आयोजित हुई जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया सालिक अपने शतरंज कौशल का प्रदर्शन करते हुए विजेता रहे, इसमें उन्हें 11000 रूपये एवं ट्रॉफी से नवाजा गया सालिक आरंभ से ही प्रतिभावान छात्र रहे हैं, उनकी यह उपलब्धि परिवार एवं शाला के लिए बड़े गर्व की बात हैं।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्ष श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, (सी.जी. बोर्ड) प्राचार्य गोपाल साहू, (सीबीएसई बोर्ड) प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सालिक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# सांसद पाण्डेय ने मोतीपुर बंद रेलवे फाटक के रहवासियों से देर रात की मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। लगातार सांसद संतोष पांडेय मोतीपुर तुलसीपुर बंद रेलवे फाटक को चालू कराने रेल मंत्री से मिल भी रहे है और पत्राचार के माध्यम से भी अवगत कराए है। आज देर रात आम लोगों से जो फाटक बंद होने से छोटे व्यापारी अपनी रोजी रोटी की समस्या से तुलसीपुर मोतीपुर में जूझ रहे है आज भी सांसद के पहुंचने पर राहत की सांस लिए है एक उम्मीद जगी है मौके पर सांसद ने बताया कि कल दोपहर लगभग 3 बजे रेलवे के इंजीनियर मौके का जायजा लेने आएंगे दोनों तरफ के लोगों को कम नुकसान हो इस पर भी कल मौके पर रेलवे इंजिनियर को लेकर अवगत कराने की ओर बात हुई है।

# तृतीय वर्ग शा. कर्मचारी संघ ने हक में आवाज उठाई, जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव(दावा)। छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा के द्वारा आज बुधवार, 10 जुलाई को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिलाधीश को सौंपा गया।

उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए जिला शाखा के अध्यक्ष व सचिवद्वय अरूण कुमार देवांगन तथा आनंदकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर प्रमुख संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, महामंत्री विजय लहरे, संभागीय अध्यक्ष संजय शर्मा के मार्गदर्शन व नेतृत्व में केंद्र के समान देय तिथि से 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने, अवकाश नकदीकरण की पात्रता 300 दिन की किए जाने, पिंगुआ समिति की अनुशंसा प्राप्त कर सभी संवर्गो की वेतन विसंगति में सुधार किए जाने, लिपिकों को अनुकंपा नौकरी में दी गयी शर्तों के पालन के लिए दक्षता परीक्षा छः माह में आयोजित करने आदेश जारी करने, अनियमित, दैनिक वेतनभोगी और कार्यभारित कर्मचारियों के नियमितिकरण हेतु गठित समिति की अनुशंसा प्राप्त कर नियमितिकरण की कार्यवाही शीघ्र की जाने आदि मांगों व साथ ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में वर्ष 2013 से कार्यरत करीब 30 नियमित प्रशिक्षण अधिकारियों की गत ग्यारह वर्षो से समाप्त नहीं की गयी परिवीक्षा अवधि को दूर किए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किए जाने एवं पदोन्नति, सम्मान, आरपीएल विभागीय परीक्षा का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर मध्याह्न भोजनावकाश के मध्य जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट के सामने बड़ी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित हुए तथा शासन को सौंपी जाने वाली मांगपत्रों की प्रतियों का वाचन किया जाकर अवगत कराया गया तथा मांगों के समर्थन में पूरे उत्साह पूर्वक जोरदार नारेबाजी की गयी।

ज्ञापन सौंपे जाते समय अध्यक्ष अरूण कुमार देवांगन, सचिव आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित हरिश भाटिया, सुभाष तायवाड़े, नरेंद्र साहू, प्रसाद पेंढारकर, धीरज रामटेके, एसके शर्मा, कमलेश ढीमर, महेश देवांगना, एसके शर्मा, मानसिंह पवार, भीम सिंह मार्को, श्रीमती बसंती साहू, सुश्री नगमा खान, श्रीमती सविता माहेश्वरी, विजय सिन्हा, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीमती सीमा यादव, तूफान सिंह, श्रीमती गायत्री ठाकुर, कुलदीप बोरकर, दुशाल कंवर, चित्रकांत वर्मा, मनोज बोपचे, विकास ठाकुर, दीपक बंजारा, सुश्री प्रिया बघेल, सुश्री सायरा, लक्ष्मीनारायण देवांगन, मनीष श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, शिव कुमार साहू, आलोक सुकतेल, श्रीमती संध्या तारम, श्रीमती तुपति पधारे, चंद्रकला रावटे, राजेंद्र जैन, धीरेंद्र रंगारी, निरंजन सिंह महिपाल, श्री भगत, श्रीमती डी. ईश्वरी तथा आईटीआई पेंड्री व सभी कार्यालयों के कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

# कल सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति एवं 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कल 12 जुलाई को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।**

जल शक्ति से नारी शक्ति के तहत जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को आमंत्रित करते हुए जल संरक्षण विषय अंतर्गत जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों, जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ-सुथरा शौचालय के उपयोग के महत्व की जानकारी दी जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में पौधारोपण से जल संरक्षण के विषयों पर जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं को जल शक्ति से नारी जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के लिए जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में महिलाओं को जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को पात्रता, अपात्रता तथा योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी दी जाएगी। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाओं द्वारा पौधरोपण कराया जाएगा।

## अनमोल दावा

> जब तक शरीर है तब तक कमजोरियां तो रहेगी ही इसलिए कमजोरियों की चिंता छोड़ों और जो सही कर्म है, उस पर अपना ध्यान लगाओं..!

## सम्पादकीय

### कश्मीर में आतंकवादियों की बढ़ रही गतिविधियां चिंताजनक

कश्मीर में लोकसभा के चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गए थे। चुनाव में मतदान का प्रतिशत भी अच्छा था। काश्मीर बाबत चुनाव आयोग ने कहा था कि अब कुछ ही समय में जम्मू और काश्मीर में विधानसभा के चुनाव आयोजित होंगे। इसके लिए भी तमाम तैयारियां कर ली गई हैं। लेकिन, चुनाव बाद आतंकवादी काश्मीर के शान्ति हवन में हड्डियां डाल रहे हैं। पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद काश्मीर को सदैव अशान्त देखना चाहता है। पाकिस्तान की सेना और जासूसी संस्था आई.एस.आई. का यह खास काम है कि कैसे भी प्लानिंग करके आतंकवादियों को काश्मीर में घुसपैठ करा दे। इसमें वे सफल भी देखे जा रहे हैं।

काश्मीर में बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियों से देश की सेना और सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई है। हाल ही काश्मीर के कठुआ जिले में की जा रही पेट्रोलिंग पर निकलें सेना के जवानों के दो वाहनों को आतंकवादियों ने निशाना बनाया था। हमारी सेना के 5 जवान शहीद हो गए। अन्य 5 जवान घायल हो गए। सेना पर पहले ग्रेनेड से हमला हुआ, फिर अंधाधुन फायरिंग हुई सम्भलने का अवसर ही नहीं मिला। काश्मीर में कठुआ जिले का क्षेत्र बहुत ही संवेदनशील है। पाकिस्तान की सीमा से यहां घुसपैठ करना आसान है। कहते हैं, यह एक जाना पहिचाना पुराना मार्ग है।

साल 2004 से लेकर 2007 तक में हमारी सेना ने बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में आक्रमक आपरेशन कर आतंकवादियों का सफाया कर दिया था। किन्तु, अब फिर से इस क्षेत्र में आतंकवादियों ने उधम मचाना शुरू कर दिया है। भारत ने सचेत होकर सेना के हेलीकाप्टर द्वारा कमान्डरों को उतारा है और ड्रोन की मदद से खोजबीन की जा रही है। आतंकवादी हमले की जवाबदारी ''काश्मीर टाईगर्स'' नाम के आतंकवादी संगठन ने स्वीकारी है। काश्मीर टाइगर्स जैस-ए-मोहम्मद की ही एक शाखा है।

अभी तीन दिन पहले ही सेना ने काश्मीर के फूलगांव में 6 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा था। आतंकवादियों के साथ हुए भिड़ंत में हमारे दो जवान शहीद हुए थे। वहां के स्थानीय नागरिकों में आतंकवादियों का बड़ा खौफ है। आतंकवादी बंदूक की नली पर लोगों को निशानेपर रख अपना मनचाहा काम करवाने विवश करते हैं। इस कारण, काश्मीर में आतंकवादी घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत को निरन्तर सतर्क रहने की जरूरत है। सामान्य परिस्थितियों में आतंकवादी टुरिस्टों पर हमला नहीं करते। क्यों कि, काश्मीर में टुरिस्टों के आने से ही सभी का धंधा-रोजगार चलता है।

नरेन्द्र मोदी ने तीसरी मरतबे पी.एम. पद की शपथ ली थी, उसी समय काश्मीर में वैष्णों देवी दर्शन को जा रही यात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला किया था। जिसमें बस ड्राइवर सहित कंडक्टर और दस लोगों की मृत्यु हो गई थी। 41 यात्री घायल हुए थे। इस घटना के बाद काश्मीर में आतंकवादियों की हलचल सतत् बढ़ रही है। हमारी सेना और इन्टेलिजन्स सतर्क हैं। फिर भी आतंवादी हमला कर रहे हैं।

काश्मीर में 2023 में आतंकवादी हमलें की 48 घटनाएं घटी थी। उसके बाद फिर कोई बड़ा हमला नहीं हुआ था। वैसे उसके पहले 2019 में काश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली 370 वीं कलम को संसद में एक झटके से हटा दिया गया था। जम्मू और कश्मीर तथा लददाख को केन्द्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया था। तब संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने ऐसा कहा था कि इसमें पाकिस्तान आक्युपाईड काश्मीर का भी समावेश हो जाता है। पीओके भारत का था और भारत का ही है। किन्ही भी परिस्थिति में पी.ओ.के. वापस लेंगे।

उल्लेखनीय कि, 2019 में आतंकवादी घटनाएं 102, 2020 में 118, 2021 में 100 और 2022 में आतंकवादी हमले की 113 घटनाएं घटी थीं। पुलवामा की घटना के बाद आतंकवादियों ने कोई बड़ा हमला नहीं किया है। 14 फरवरी 2019 को आतंकवादियों ने जवानों की बसों के काफिले पर हमला किया था और हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे। 35 जवान घायल हुए थे। इस हमले के बाद हमारे देश ने पीओके में एक स्ट्राइक करके आतंकवादियों के अड्डों का सर्वनाश कर दिया था। उसके बाद, केन्द्र सरकार कहती रही कि भारत के सामने नजर ऊंची करने वालों को हम उसके घर में घूसकर मारेंगे। भारत के दुश्मनों की निशानदेही कर उन्हें मारा जा रहा है।

निःसंदेह हमारी सेना सतर्क है। लेकिन, आतंकवादी भी जो करना चाहेंगे, वे कर के ही रहेंगे। इस पर भी ध्यान देना जरूरी है। अमेरिका, कैनेडा सहित विश्व के देशों में फैले खलिस्तानी हमारे पंजाब राज्य में फिर से आतंकवाद फैलाना चाहते हैं। यूं तो पाकिस्तान कंगाल हो गया है। देश चलाने उसके पास पैसा नहीं है। किन्तु, इसके बावजुद, आतंकवादियों को संरक्षण देना बंद नहीं करता। इसमें पाकिस्तान को चीन भी सहयोग कर रहा है। कूटनीति के चलते पाकिस्तान भारत से संबंध सुधारने की बाते करता है। किन्तु, उसका आचरण ठीक इसके विपरीत रहता है।

हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पूरा देश इससे दुखी है। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का समय अब आ गया है।

# सरकारी स्कूलों में कैसे बढ़ी विद्यार्थियों की संया ?

**शैलेष श्रीवास्तव**



दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार आने के बाद सरकारी स्कूलों में काफी सुधार देखने को मिले हैं और विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है. आखिर किस तरह से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के हालात सुधारे और क्यों अब अभिभावक सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला करने के लिए उत्सुक रहते हैं, आइए जानते हैं.

राजधानी शहर में सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली की बात करें तो, दिल्ली के कुछ सरकारी स्कूल हमेशा से ही दूसरों की तुलना में डिमांड में रहे हैं. इसके पीछे कई कारण रहे हैं, जैसे मेहनती प्रिंसिपल, बेहतर बुनियादी ढांचा और शायद अच्छे बोर्ड परिणाम. नतीजतन, यह देखा गया कि माता-पिता केवल उन्हीं स्कूलों में प्रवेश चाहते थे. जिन्हें प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अच्छा माना जाता था, जिससे उसी इलाके के स्कूलों में दाखिले असंतुलन हो जाते थे.

### प्रवेश प्रक्रिया हुई आसान

साल 2016 की शुरुआत में, जब अरविंद केजरीवाल सरकार ने पहली बार कार्यभार संभाला, तो कुछ अभिभावकों ने उपमुख्यमंत्री से प्रवेश प्रक्रिया में खामियों के बारे में शिकायत की थी. तब, प्रवेश का मुद्दा पहली बार ध्यान में लाया गया था. उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जटिल प्रवेश प्रक्रिया को समझने के लिए हस्तक्षेप किया और इस तरह प्रवेश की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सुचारू बनाने के काम पर लग गए.

साल 2019 से, हर साल हज़ारों बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं. जबकि दिल्ली में साल दर साल प्रवेश की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है और अभिभावकों भी अपने बच्चों के दाखिले सरकारी स्कूल में करवाने के लिए उत रहे हैं. ये स्थिति भारतीय के अन्य राज्यों के विपरीत है. जहां सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और सरकारी स्कूलों में अभिभावकों का भरोसा कम हो रहा है.

### प्रवेश प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार-

शिक्षा हमेशा से केजरीवाल सरकार की पहली प्राथमिकता रही है और इसलिए प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने और सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. हालाँकि बहुत सारे काम किए गए और चल रहे हैं, प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में कुछ उल्लेखनीय सुधार सराहनीय हैं, जो कि इस प्रकार है.

### 1.क्लस्टर से स्कूल आवंटित प्रक्रिया हुई सरल

दिल्ली में सरकारी स्कूलों को पहले से ही जोन, जिला और क्षेत्र के आधार पर वर्गीकृत किया गया था. बाद में 2016 में शिक्षा विभाग द्वारा क्लस्टर बनाए गए. सरल शब्दों में कहें तो क्लस्टर, जनसांख्यिकी के आधार पर आस-पास के कुछ स्कूलों का एक समूह है. बच्चों के लिए स्कूल आवंटित करने के लिए प्रत्येक क्लस्टर स्तर और ज़ोन स्तर पर कुछ स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों और कुछ स्कूलों के प्रमुखों से मिलकर एक समिति भी गठित की गई थी.

अब जब कोई अभिभावक किसी सरकारी स्कूल में छठी से 12वीं कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन करता है, तो उसका स्कूल फॉर्म उस विशेष क्लस्टर कमेटी या जोनल कमेटी के पास जाता है. ये कमेटियाँ स्कूल में खाली सीटों, छात्रों के घरों से दूरी आदि के आधार पर स्कूल आवंटित करती हैं. इस कदम से दो समस्याएं खत्म हो गई हैं; पहली- किसी खास स्कूल पर निर्भरता और दूसरी- बिना कोई कारण बताए स्कूल द्वारा दाखिला देने से मना करना.

### 2.ऑनलाइन मोड

जो दूसरा सबसे बड़ा सुधार किया गया वो 6वीं से 12वीं कक्षा की प्रवेश प्रक्रिया को ऑनलाइन मोड करना था. अगर किसी को आवेदन प्रक्रिया में कोई समस्या आती है, तो वह नजदीकी सरकारी स्कूल में जा सकता है. स्कूल ने अभिभावकों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने में मदद के लिए एक हेल्प डेस्क स्थापित भी किया है. इस कदम से स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया आसान हो गई है. इसके अलावा, विभाग बहुत सारा कागज़ बचा रहा है.

### 3. प्रवेश समितियों में एसएमसी सदस्यों को शामिल करना

वर्ष 2016 में जब समितियों का गठन किया गया था, तब एक और बड़ा निर्णय लिया गया था. यह एसएमसी सदस्यों को समितियों में रखने का था. इस निर्णय के जबरदस्त परिणाम सामने आए हैं. प्रवेश प्रक्रिया के समय, एसएमसी अपने इलाकों में हेल्पडेस्क स्थापित करती है, ताकि अभिभावकों को ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद मिल सके, प्रवेश प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी दी जा सके और अपने इलाकों में घर-घर जाकर जागरूकता पैदा की जा सके.

एसएमसी प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. स्कूलों का आवंटन सुनिश्चित करने, शिकायतों का समाधान करने और छात्रों के स्थानांतरण को संभालने से यह सुनिश्चित हुआ है कि दिल्ली में हर बच्चे को उसके इलाके और खाली सीटों के आधार पर एक उपयुक्त स्कूल आवंटित किया जाए.

उपरोक्त तीन प्रमुख कदमों ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को मजबूत, पारदर्शी और समावेशी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. जिस तरह से दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों में प्रेवश प्रक्रिया को बेहतर बनाया है, वो हर राज्य सरकार के लिए प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और मजबूत बनाने के लिए एक मिसाल है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 201 राजा दशरथ की चेतावनी, मेरे प्राण त्याग पर ही कैकेई - हठ पूरा होगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी कैकेई ने दृढ़ निश्चयपूर्वक कहा, ''एक ही उपाय है महाराज, जब आप मुझे इन वचनों को देने से बच सकते हैं?''

राजा दशरथ ने कहा, ''वह उपाय बताओ रानी! मैं कुछ भी करने को तैयार हूं, ताकि किसी भी तरह से राम को वनवास न हो।''

''वह उपाय है मेरे प्राणों का त्याग, ताकि आप मेरी मृत्यु के बाद इन वचनों को देने से बच जाएंगे और मेरे साथ ही मेरे द्वारा मांगे गए ये दोनों वर भी स्वतः ही समाप्त हो जाएंगे और आप निश्चिंत होकर राम का अभिषेक कर देना और अगर आपके मन में कोई कलुषता हो तो भरत को वनवास दे देना।'' रानी कैकेई ने भावनात्मक दांव चलते हुए कहा।

राजा दशरथ यह सुनकर स्तब्ध हो गए। उन्होंने कहा, ''यह क्या कह रही हो रानी? तुम्हें ज्ञात भी है कि तुम कैसी अटपटी बातें कह रही हो? क्या मैं तुम्हें खो दूंगा? क्या अपनी प्राणों से भी प्रिय रानी के बिना मैं जीवित रह सकूंगा? अतः अपनी मृत्यु की बात सपने में भी मत लाना।''

''लेकिन आपने स्थिति ही ऐसे निर्मित कर दी है महाराज। एक ओर तो आप मुझे प्राणेश्वरी कहते हैं और दूसरी ओर मेरे द्वारा केवल दो मांगों को आप पूरा करने को तैयार नहीं हैं।'' कैकेई महाहठ पर हैं।

अपनी आत्मा में आहत, दुखी राजा दशरथ ने कहा, ''स्थिति मैंने नहीं, तुमने निर्मित कर दी है कैकेई और तुम अपने प्राण क्या त्यागोगी? मुझे लग रहा है कि अब मेरे प्राण त्यागने का समय आ गया है और ऐसा हो जाने के बाद तुम एक ओर पुत्र राम के हाथों मेरी चिता को अग्नि दिलवाना और शोक की अवधि पूरी होते ही भरत का अभिषेक करवा देना और राम को यत्र-तत्र भटकने के लिए वन भिजवा देना। ऐसा होने पर ही तुम्हारे हृदय को ठंडक पहुंचेगी।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# सरकार की पहली प्राथमिकता जनगणना

नई लोकसभा का पहला सत्र संपन्न हो गया है और अब सरकार मानसून सत्र की तैयारी कर रही है, जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। तीन जुलाई को खत्म हुए संसद सत्र में जनगणना को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। सवाल है कि 23 जुलाई को आने वाले बजट में क्या सरकार जनगणना की घोषणा करेगी और उसके लिए जरूरी धन का आवंटन करेगी? कायदे से यह भारत सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि जनगणना कराई जाए। हर 10 साल पर होने वाली जनगणना आखिरी बार 2011 में हुई थी। अभी तक सरकार उसी के आंकड़ों के आधार पर जन कल्याण की योजनाएं बना रही है। सब कुछ अनुमान के आधार पर हो रहा है, जिससे करोड़ों लोगों को सरकार की योजनाओं के दायरे से बाहर छूट जाने की आशंका है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक लोक कल्याण की योजनाओं को पहुंचाने और प्रभावी नीति निर्धारण के लिए जरूरी है कि जनगणना हो।

ध्यान रखने की जरुरत है कि जनगणना होते ही उसके आंकड़े नहीं मिल जाते हैं। अंतिम आंकड़े आने में बहुत समय लगता है। अगर अभी जनगणना होगी और डिजिटल तरीके से होगी, जिसकी संभावना जताई जा रही है तब भी कम से कम दो साल लगेंगे अंतिम आंकड़े आने में। अगर जनगणना डिजिटल नहीं होती तो अंतिम आंकड़े आने में तीन से चार साल का समय लगता। सो, अगर अब भी प्राथमिकता के आधार पर जनगणना होती है तो 2026 से पहले अंतिम आंकड़े नहीं मिल पाएंगे। इससे ज्यादा समय भी लग सकता है। तभी यह आशंका भी जताई जा रही है कि सरकार जनगणना को टाल सकती है।

क्योंकि 2024 में अगले तीन चार महीने में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। इस वजह से साल के अंत में ही जनगणना का काम शुरू होगा तो उसके अंतिम आंकड़े 2027 तक आएंगे। इसके दो साल बाद यानी 2029 से 2031 की जनगणना का काम शुरू करना होगा। ऐसे में अभी जनगणना टाली जा सकती है और कुछ अन्य सर्वेक्षणों व पुराने आंकड़ों के आधार पर तब तक काम चलाया जा सकता है।

लेकिन सवाल है कि सरकार ऐसा कैसे कर सकती है? नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन का जो कानून पास किया है उसमें कहा गया है कि परिसीमन के बाद इसे लागू किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने परिसीमन को लेकर जो संशोधन किया था उसके मुताबिक 2026 तक परिसीमन पर रोक है और उसमें कहा गया है कि उसके बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही परिसीमन किया जाएगा।

## सामयिक चर्चा

### सांसद, स्टेशन पारा अंडरब्रिज का भी ख्याल करें!

बानी ने आज यह खबर पढ़ी -
'तुलसीपुर-मोतीपुर
मिनी अण्डरब्रिज की संभावना बढ़ी!
मालूम गजाधर! अब यह बात हमें
सुनने और पढ़ने में आ रही है
कि मोतीपुर-तुलसीपुर मिनी अण्डरब्रिज की
संभावना अब दृढ़ होती जा रही है।
क्योंकि हाल ही में
सांसद सन्तोष पाण्डेय जी ने रेल मंत्री
अश्वनी वैष्णव जी से मुलाकात की।
और रहवासियों की परेशानियों के साथ ही
यातायात के बढ़ते दबाव के चलते
ममतानगर रेल्वे अण्डरब्रिज के अलावा,
एक अन्य मिनी अण्डरब्रिज की
आवश्यकता पर,
अत्यन्त प्रभावी ढंग से बात की।
रेलमंत्री जी ने इसे गंभीरता से लेते हुए
संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।
फलस्वरूप रेल्वे अधिकारियों ने
तुरन्त मिनी अण्डरब्रिज के लिए
पूरे एक घंटे तक स्थल निरीक्षण किया।
इस पर गजाधर! हम स्टेशनपारा
चिखली और अन्य ब्रिजवासियों के लिए
सबसे जरूरी स्टेशनपारा अण्डरब्रिज के काम को
रेल्वे अधिकारी तेज गति से
क्यों नहीं करते हैं?
टालमटोल करते, क्यों बैठे रहते हैं?
गजाधर मुस्कराए बोले -
''वो इसलिए बानी! कि हमारे सांसद
महोदय ने स्टेशन पारा अण्डरब्रिज के
काम में तेजी लाने के लिए
रेल्वे मंत्री से कहां बात की?
उन्होंने तो सिर्फ मोतीपुर-तुलसीपुर
अण्डरब्रिज के लिए ही मुलाकात की।''



- गिरीश बख्शी

## लघुकथा

### //मैं भी कभी//

''दो सौ पेज की छः सामान्य कॉपी चाहिए। भूगोल के लिए एक बड़ी चाहिएः और गणित के लिए एक मोटी।'' नीरज ने दुकान वाले युवक से स्टेशनरी के कुछ और सामान निकलवाये। फिर दुकान वाले युवक ने पास में ही खड़े देवीचरण को सात सौ बयासी रूपए का बिल थमाया।

''सिर्फ तीन सौ पैंतीस हैं मेरे पास नीरज। एक काम करते हैं बेटा कुछ सामान को रहने देते हैं। बाद में ले लेंगे। कल तुम्हारी फीस भी तो देनी है न चार सौ तीस रूपए।'' अपनी जेब की थाह लेते हुए कापियों को उठा-उठा कर देवीचरण देखने लगा।

नीरज बोला- ''हमारी क्लास में सबने पूरी कॉपी-पुस्तकें खरीद ली है पापा। पढ़ाई भी शुरू हो गयी है। बहुत जरूरी है पापा ये सब।''

देवीचरण पल भर खामोश खड़ा रहा। तभी देवीचरण के बगल में खड़े एक अधेड़ शख्स बोले- ''ले लो भाई, बच्चा जो लेना चाहता है। जितना आपके पास हैं, आप दे दो। बाकी मैं दे देता हूँ।''

''भैया! आप भला क्यों ? मुझे अच्छा नहीं....।'' देवीचरण के कुछ और कहने से पहले उस शख्स ने कहा- ''कुछ नहीं भैया। कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मैं सब समझता हूँ। मैं ऐसे हालात से गुजर चुका हूँ।''

आखिर उस अधेड़ शख्स की बातें देवीचरण ने मान ली।

''पिता-पुत्र दोनों सामान लेकर चलने लगे, तभी दुकान वाले युवक ने देवीचरण को चार सौ तीस रुपए थमाते हुए कहा- ''चाचा जी। इसे रख लो। नीरज की स्कूल की फीस जमा कर देना। वो व्यक्ति जिन्होंने आपको मदद की है, मेरे पापा जी हैं। मैं भी कभी नीरज था चाचा।''



**टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''**
**व्याख्याता (अंग्रेजी)**
**घोटिया बालोद (छत्तीसगढ़)**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज धैर्य और समझदारी से काम करेंगे।

**वृषभ** — आज आपका बढ़ा हुआ मनोबल किसी जरूरी काम में आपको सफलता दिलायेगा। आपका दिन बेहतर रहेगा। माता-पिता के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्राँग रहेगी। आज आपको कुछ मनोरंजक कार्य करने का मौका मिल सकता है। बच्चे आपके साथ कोई गेम खेलने की जिद कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते की मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद हो सकती है। वित्तीय मामलों में समझदारी से काम लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ बहस करने से आपको बचना चाहिए।

**सिंह** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा है। कहीं निवेश करने का मन बनायेंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आपको कारोबार में धन लाभ होगा। आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपको काफी फायदा दिलायेगा। आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपके रिश्तेदार आपका पूरा सहयोग करेंगे।

**तुला** — आज आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। कारोबार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान भी बना सकते हैं। रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। आपको अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाये रखना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। जो भी काम करना है, आज पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें।

**मकर** — आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं। नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं। आज आपकी कामकाज में रुचि भी और बढ़ सकती है। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं का समाधान आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आप किसी सामाजिक काम में हाथ बंटा सकते हैं। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा।

# किराने दुकान में हुई चोरी के आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुई किराना दुकान में चोरी के आरोपी को धरदबोचा है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि घटना के आरोपियान अन्य चोरी के मामलो मे भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि आरोपीगण घटना स्थल का बारीकी रैकी करने के बाद ही चोरी करते थे।

पुलिस ने इनआरोपियों के पास से कुल 16 नग सीलिंग फैन, 18 नग पंखे का ब्लेड, 02 नग एल इडी टीवी, एक नग होम थियेटर, 02 नग स्पीकर बॉक्स, 03 नग एम्पीफायर 09 नग रेचार्रेबल टार्च, 15 बंडल वायर, 09 नग थ्रीपिन एवं 13 डिजिटल केबल वायर बरामद की है। चोरी के उक्त मामले में 02 आरोपी को जेल भेजा गया है।

डोंगरगांव थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी भरत शर्मा आ. दिनेश शर्मा, आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम आरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक माह पूर्व से ही वह ग्राम आरी-कोनारी में शीतला मंदिर के पास राकेश देवांगन के कॉम्लेक्स मे किराये पर गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग के नाम से इलेक्ट्रिक दुकान संचालन कर रहा है। रोज की तरह ही दिनांक 24 जून के रात्रि करीबन 9.30 बजे अपना इलेक्ट्रिक दुकान बंद कर घर आ गया। दूसरे दिन 25 जून 24 को सुबह करीबन 7 बजे राकेश देवांगन के द्वारा जरिये फोन से सूचना दिया कि 'गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग' दुकान का एक ताला टूटा हुआ है एवं एक मुड़ा हुआ व शटर थोड़ा खुला हुआ है, तब वे स्वयं दुकान पर पहुंचे और लोमेश पटेल एवं धनजय शर्मा के साथ दुकान के सामने देखा तो ताला टुटा हुआ एवं शटर आधा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे इलेक्ट्रिकल सामान बिखरा हुआ था, सामानों को उठा कर सही जगह रखे एवं चेक करने पर पता चला कि 30 नग सिलिंग फैन, 3 नग होम थियेटर, 2 नग स्पीकर बॉक्स, 04 नग एम्लीफायर, 20 नग डीटीएच केबल, 09 नग डीटीएच बॉक्स, 02 नग एल इडी टीवी ओनिडा कंपनी की 32 इंची व 02 नग एलईडी टीवी क्राउन कंपनी की 21 इंच, 9 नग किसान टार्च, 10 नग छोटा टार्च, 03 नग चार्जिंग पंखा, 50 नग लाईटर, 20 नग 9 वाट बैटरी, 12 नग पेचकस, 10 नग एसीडीसी लाईट , 02 नग डीटीएच छतरी ,20 थ्री पिन लीट वायर , 03 नग मेगाफोन , 20 नग फेनराड , 20 नग




आरोपियों से चोरी के सामान जब्त

कॉपर वायर, 20 नग लुज वायर, कुल कीमती करीबन 72 हजार रूपये का था जिसे दिनांक 24.06.24 एवं 25.06.24 के दरम्यानी रात्रि मे किसी अज्ञात चोर के द्वारा शटर का ताला तोड़कर शटर को हल्का उठाकर अंदर प्रवेश कर दुकान मे रखे उक्त सामानों को चोरी कर ले गया है।

## दो आरोपियों ने की थी चोरी

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान जरिये मुखबीर पता चला कि ग्राम तिलईरवार निवासी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी के द्वारा


इलेक्ट्रानिक सामान को फक्कीटोला के किसी व्यक्ति के पास बिक्री किया है। सुचना मिलते ही पुलिस स्टॉफ ग्राम तिलईरवार पहूंच कर संदेही आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी का पता साजी किया। जो घर पर ही मिला। जिसे ग्राम आरी के गतिमान इलेक्ट्रीकल एण्ड रिपेयरिंग दुकान मे चोरी हुये एवं चोरी करने के संबंध मे पुछताछ किया गया जो अपने साथी सुरज कोसरे राकेश निर्मलकर एवं राकेश कुमार साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया । जिसका मौके पर मेमोरण्डम कथन लिया गया है , जिसमे वाहन क्रमांकसी जी 08 ए आर? 6420 मे चोरी किये गये ईलेक्ट्रानिक सामान को भरकर ग्राम फक्कीटोला निवासी लक्ष्मीनारायण साहू के घर मे ले जाकर बेचना बताया । हमराह स्टॉफ आरोपी मय गवाहान के ग्राम फक्कीटोला पहूंच कर लक्ष्मीनारायण साहू के संबंध मे पतासाजी कर पुछताछ किया गया तो लक्ष्मीनारायण साहू को घर पर उपस्थित नही होना व कहां है के संबंध मे कोई जानकारी नही होना बताया गया इस पर तलाशी पंचनामा तैयार कर लक्ष्मीनारायण साहू के घर पर समक्ष गवाहान के तलाशी लिया गया । तलाशी के दौरान चोरी गये सामानो मे से 16 नग सीलिंग फैन , 18 नग पंखे का ब्लेड , 02 नग एल ई डी टीवी, एक नग होम थियेटर , 02 नग स्पीकर बॉक्स , 03 नग एम्पीफायर 09 नग रेचार्रेबल टार्च , 15 बंडल वायर , 09 नग थ्री पिन एवं 13 डिजिटल केबल वायर को समक्ष गवाहों के बरामद किया गया है। जिसे आरोपी खिलेन्द्र कुमार उर्फ बंटी साहू निवासी तिलईरवार के पेश करने पर समक्ष गवाहान के मंगलवार 09 जुलाई को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

## भागने के फिराक में था आरोपी

आरोपी की गिरफ्तार की पूर्व सूचना एवं उनके परिजन को दी गई है। मामले मे जप्त सामान एवं आरोपी को लेकर थाना डोंगरगांव लाया गया। रात्रि होने से आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर नही भेजा गया था। बुधवार 10 जुलाई को जरिये मुखबीर सूचना मिली की प्रकरण के फरार आरोपी लक्ष्मीनारायण साहू अपने घर पर है एवं कहीं बाहर भागने की फिराक मे कही जाने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टॉफ पहूंच कर ग्राम फक्कीटोला में पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दिया। आरोपी लक्ष्मीनारायण साहू घर पर ही मिला जिसे पूछताछ करने पर चोरी का इलेक्ट्रानिक सामान आरोपीगण से खरीदना जुर्म स्वीकार किया जिसे प्रकरण मे गिरफ्तारी की मंशा से अवगत कराकर बुधवार 10 जुलाई को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने दोनों आरोपियों का सीएचसी डोंगरगांव से स्वास्थ परीक्षण कराया गया है, मामले मे आरोपियों को धारा 457, 380, 34, 411 भादंवि के तहत गिरफ्तार किया गया है। मामले में विवेचणा अपूर्ण होने से आरोपीगणों को ज्युडिशियल रिमांड पर बुधवार 10 जुलाई से 24 जुलाई तक पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव थाना प्रभारी सहित सहायक उप निरीक्षक, देवकुमार रावटे, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र कौंचे, आरक्षक जितेश साहू, गौरव शेण्डे, राकेश कुमार साहू, गुलशन कंवर की विशेष भूमिका रही है।

# पहला कॉलम...

## आज संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का 57 वाँ मुनि दीक्षा दिवस



डोंगरगढ़(दावा)। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में दिनांक 11 जुलाई को प्रातः 7 बजे से संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का 57 वाँ मुनि दीक्षा दिवस चंद्रगिरी महातीर्थ में 108 मुनि श्री आगम सागर महाराज जी, 108 मुनि श्री पुनीत सागर महाराज जी एवं 105 एलक श्री धैर्य सागर महाराज जी के ससंघ सानिध्य में मनाया जायेगा। जिसमें प्रातः 7 बजे से भगवान का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि समाधी स्थल तक जायेंगे एवं वहाँ 8 वर्ष से 16 वर्ष तक के 1000 बच्चों का उपनयन संस्कार मुनि महाराज जी के द्वारा किया जायेगा 7 इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत से बच्चे, उनके माता-पिता और सभी साधर्मी उपस्थित होंगे। उक्त जानकारी चंद्रगिरी के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन द्वारा दी गयी है।

## रोपवे घटना : आज दुर्घटना से बचाव हेतु कुशल रेस्क्यू अभ्यास

डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति की ओर से प्रेस को



जारी विज्ञप्ति में ट्रस्टी संजीव गोमस्ता ने बताया गया है कि, 11 जुलाई दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे रोपवे में आकस्मिक दुर्घटना से दर्शनार्थियों को रोपवे केविन से सकुशल रेस्क्यू करने के लिए दामोदर रोपवे की टीम एनडीआरएफ कटक की टीम एवं एसडीआरएफ एवं नगर सैनिक के द्वारा संयुक्त रूप से छीरपानी नौका विहार स्थल में अभ्यास किया जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में श्री हनुमंत यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा 13 से

डोंगरगाँव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में गुरु पूर्णिमा के



पावन उपलक्ष में छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि जन कल्याण अर्थ हेतु 13 से 20 जुलाई 2024 तक श्री हनुमंत यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. उक्ताशय की जानकारी देते हुए जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि 13 जुलाई शनिवार को भव्य कलश यात्रा एवं वेदी पूजन 21 जुलाई रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं भंडारा जो हमारे देश के जाने-माने संत बर्फानी दादा आश्रम पाताल भैरवी मंदिर राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगा और इसका सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल मुकुंद महाराज पर प्रसारित होगा। कथा वाचक मुकुंदकृष्ण महाराज राका डोंगरगढ़ धर्म नगरी वाले होंगे। यह दिव्य आयोजन गोविंददास महाराज के सानिध्य संपन्न होगा।

## प्राथमिक शाला टटेंगा में शाला प्रबंधन समिति गठन एवं अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम मनाया गया

हरदी (दावा)। प्राथमिक शाला टटेंगा में मां सरस्वती की पूजा




अर्चना कर अंगना मां शिक्षा का कार्यक्रम मनाया गया एवं शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अंगना मां शिक्षा में पहली कक्षा के बच्चे को उनके माताओं एवं शिक्षिका खोमीन साहू, लिलेश्वरी भंडारी मैडम के मार्गदर्शन से बच्चों को सामग्री के माध्यम से अक्षरों का पहचान कराया गया, बेस्ट माता का सरताज सविता पटेल को पहनाया गया। शाला प्रबंधन समिति का गठन सर्व सहमति से चुना गया जिसमें अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा, उपाध्यक्ष वैदेश्वरी देवांगन, शिक्षा विद बुधरू यादव, सदस्य एलआर सरपा, प्रधान पाठक संजय साहू शिक्षक, बिरेंद यादव, रिखी साहू, भगवती कौशिक, रोशन साहू, पेमीन साहू, ईश्वरी सुधाकर, लीला सुधाकर, चंद्रप्रभा सुधाकर, कामिनी निर्मलकर, त्रिवेणी गांवरे, सविता पटेल आदि का गठन पश्चात सदस्यों द्वारा शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# ट्रेनों में 4 अनारक्षित कोच की सुविधा होगी उपलब्ध



डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा जनरल कोच के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित कोच बढ़ाने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत इसी क्रम में अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल से गुजरने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में आगामी अक्टूबर माह से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

गाड़ियों में जनरल कोचों की संख्या के बढ़ जाने से द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी राहत मिलेगी। साथ ही जनरल कोचों में बढ़ रहा अत्यधिक यात्री दबाव भी काफी मात्रा में कम होगा। लंबी दूरी यात्रा करने वाले यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। व्यवस्था से यात्रियों को होगी सुविधा।

विभिन्न ट्रेनों में बढ़ेगी सुविधा

13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस में 26 अक्टूबर 2024 से एवं 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से 04 जनरल कोच , 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस में 07 दिसंबर 2024 से

विभिन्न ट्रेनों में दी जा रही है सुविधाएं

एवं 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस में 10 दिसंबर 2024 से 04 जनरल कोच, 20857 पुरी-साई नगर शिर्डी एक्सप्रेस में 29 नवम्बर 2024 से एवं 20858 साईनगर शिर्डी-पुरी एक्सप्रेस में 01 दिसम्बर 2024 से 04 जनरल कोच, 22866 पुरी-एलटीटी एक्सप्रेस में 26 नवम्बर 2024 से एवं 22865 एलटीटी - पुरी एक्सप्रेस में 28 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच, 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस में 27 नवम्बर 2024 से एवं 20814 जोधपुर - पुरी एक्सप्रेस में 30 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच,12807 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन समता एक्सप्रेस में 19 नवम्बर 2024 से एवं 20808 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम समता एक्सप्रेस में 21 नवम्बर 2024 से 4 जनरल कोच, 22847 विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस में 24 नवम्बर 2024 से एवं 22848 एलटीटी-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में 26 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच, 17321 वास्कोडिगमा-जसीडीह एक्सप्रेस में 01 नवम्बर 2024 से एवं 17322 जसीडीह-वास्कोडिगमा एक्सप्रेस में 04 नवम्बर 2024 से 05 जनरल कोच, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस में 13 नवम्बर 2024 से एवं 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस में 14 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच, 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस में 14 नवम्बर 2024 से एवं 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस में 17 नवम्बर 2024 से 04 जनरल कोच, 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस में 28 अक्टूबर 2024 से एवं 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर 2024 से 04 जनरल कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।

# मितानिन कार्यक्रम में छात्राओं को मिला स्वस्थ रहने का मंत्र



डोंगरगांव (दावा)। मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक समन्वयक नीलिमा सिन्हा एवं मितानिन प्रशिक्षिका माहेश्वरी राजपूत ने कन्या छात्रावास डोंगरगांव का भ्रमण किया। छात्राओं को श्रीमती सिन्हा ने बताया कि मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोना चाहिए, दस्त से बचाव के लिए स्वच्छ जल का सेवन करना चाहिए। शौच के बाद और भोजन के पहले हैंड वॉश अवश्य करना चाहिए। स्वस्थ दिनचर्या नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए, साथ ही नमक और शक्कर का घोल बनाकर बताया गया और इसके सेवन के लाभ गिनाए जिसमें शरीर में पानी की कमी से बचाव होता है और चक्कर नहीं आता है. साथ ही वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया, माहवारी की समस्या को लेकर बालिकाओं को विशेष मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही छात्राओं को कहा गया कि शरीर के किसी भी भाग में गांठ हो, तो उसे छुपाए नहीं, उसकी जानकारी मितानीन दीदी या स्वास्थ्य कर्मचारियों को अवश्य बताएं जिससे उसका समुचित इलाज हो सके। कार्यात्मक प्रशिक्षण देते हुए हाथ धुलाई करवाया गया. मितानीन रुपलता, छात्रावास अधीक्षिका रामेश्वरी गावरे एवं रसोईया बहने भी उपस्थित रही।

# जसवंत घावड़े दूसरी बार बने सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष



राजनांदगांव जिला की नवीन कार्यकारिणी चयनित

कल्लूबंजारी (दावा)। गत 7 जुलाई को राजनांदगांव जिला कंवर धर्मशाला रेवाडीह में रूढ़ीजन्य परम्परा पर आधारित पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय आदिवासी नेता अरविंद नेताम के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई राजनांदगांव के नवीन कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें जसवंत घावड़े को दूसरी बार जिला अध्यक्ष मनोनित किया गया। प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं चयन प्रभारी महेश रावटे, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुदेश टीकम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रामनारायण नेताम, जिला महासचिव दिनेश कुरेटी एवं जिला प्रवक्ता उदय नेताम के कुशल मार्गदर्शन व सफल संचालन तथा आदिवासी समाज प्रमुखों के गरिमामयी उपस्थिति में सर्व आदिवासी समाज का जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुआ। पूर्व में नंदकुमार गोंड़िया के द्वारा प्रांतीय पदाधिकारियों, समाज प्रमुखों एवं उपस्थित लोगों का पीला चांवल से स्वागत किया गया। कार्यकाल समाप्ति के आधार पर जिला महासचिव दिनेश कुरेटी ने पूर्व जिला कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। पश्चात पिछले कार्यकाल की समीक्षा की गयी।वक्ताओं ने समाज प्रमुखों के माध्यम से समस्त आदिवासी समाज के बीच में सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को संगठन से जोड़ने पर बल दिया।

प्रस्तावक एवं समर्थक के माध्यम से जिलाध्यक्ष के लिए चन्द्रशेखर उइके एवं जसवंत घावड़े दो व्यक्तियों का नाम आया था। लेकिन समाज प्रमुखों एवं वरिष्ठ जनों के द्वारा उपलब्धि भरे पिछले कार्यकाल एवं अनुभव के आधार पर आपसी समन्वय बनाकर जसवंत घावड़े को अध्यक्ष एवं चन्द्रशेखर उइके को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया जिसे उपस्थित लोगों ने अपना समर्थन देकर सर्वमान्य किया। सर्वसम्मति से नवचयनित जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े, कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर उइके, उपाध्यक्षगण हरिराम पुजेरी, कमलेश पारधी, एवन कुमार आचले, जे.आर.ठाकुर, गैंदलाल मंडावी, कोषाध्यक्ष रोमसिंह मंडलोई, महासचिव लेखराम चन्द्रवंशी, सचिव राहुल नेताम, मीडिया प्रभारी मनभावन उइके, महिला प्रभाग के अध्यक्ष हरिला मंडावी, कार्यकारी अध्यक्ष अंजना मिंज, युवा प्रभाग के अध्यक्ष नंदकुमार गोंड़िया एवं कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कुमार रावटे को चयनित किया गया। शेष पदाधिकारियों का मनोनयन सभी समाज प्रमुखों, महिला वर्ग एवं युवा वर्ग के सलाह व सहमति से आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया।

उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नये जिम्मेदारी के लिए पुष्पमाला पहनाकर, पीला चांवल का टीका लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहने की अपेक्षा की। इस अवसर पर बिन्दु लाल चन्द्रवंशी, लेखराम मात्रा, ललिता कंवर, अनिल कुमार छेदैहा, पवन कुमार पंचारी, युवराज नेताम, महावीर उइके, छबिलाल चन्द्रवंशी, हेमंत कुमार सलामें, डेविड कुमार भुआर्य, आस्कर बाड़ा, प्रशांत कोड़ापे, डेरहू राम चन्द्रवंशी, धनसाय सलामें, ठाकुर राम चन्द्रवंशी, महावीर उइके, छत्रपाल चन्द्रवंशी, झाड़ूराम ठाकुर, भूपेन्द्र सोरी, नरेन्द्र मंडावी आदि सहित गोंड़ समाज, कंवर समाज, हल्बा समाज, कंडरा समाज, पारधी समाज एवं उरांव समाज के समाज प्रमुख एवं सर्व आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

### अभ्यर्थी 22 जुलाई तक दर्ज करा सकते हैं जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय थलसेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षा का आयोजन 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ जिले में आयोजित किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए उनके निकटस्थल पर निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना नाम, पता, मोबाईल नंबर एवं अग्रिवीर थलसेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी 22 जुलाई तक कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव के दूरभाष क्रमांक 07744-299523 एवं ई-मेल eeraj-nandgaon@gmail.com के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

## जिले के सफाई कर्मचारियों को शासन की योजना का लाभ मिले - नरेश करसे



डोंगरगढ़(दावा)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. वेंकटेशन को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी संघ के स्थानीय अध्यक्ष नरेश करसे द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि राजनांदगांव जिले के अंतर्गत नगरी निकाय में कार्यालय मेनुअल स्कवैजर्स सफई कर्मचारियों को उनकी मूलभूत सुविधा प्रदान की जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि,दिनांक 06 सितंबर 2014 को सफाई कर्मियों में पद को ड्राइंग केडर लगा कर पद को मृत घोषित कर दिया था। इसे पुनः जीवित किया जाए। लार्ड पागे समिति, महाराष्ट्र का नियम छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए। मैनुअल स्केवेंजर्स छ.ग. के राजनांदगांव जिले के अन्तर्गत समस्त सफाई कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ की स्वच्छता हेतू प्लेसमेंट एवं ठेके से निकाल कर उन्हीं सफाई कर्मियों को नियमित किया जाए।समस्त सफाई कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात् छत्तीसगढ़ नगर पालिका सेवा भर्ती अधिनियम में उल्लेखनीय है कि सफाई कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात् घर के आश्रित 01 सदस्य वॉलिंटियर रिटायरमेंट (स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति) देकर अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाए।राजनांदगांव जिले के अन्तर्गत नगरीय निकायों में निवासरत सफाई कर्मचारियों के हक में सर्व सुविधायुक्त आवास निर्माण कर दिया जाए, जो सुप्रिम कोट की दिशानिर्देश के अनुरूप हो।समस्त सफाई कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र के लिए दर बदर भटकना पड़ता है।

### जाति प्रमाण पत्र बनाने में राज्य शासन के आदेश का पालन हो

ज्ञापन में कहा गया है कि, शासन के द्वारा बनायें गये सरलीकरण नियम के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करवाया जाता है। सफाई कर्मचारियों के परिवार के हित में जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरलीकरण करते हुये शीघ्रता शीघ्र प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग करते हुए कहा गया है कि, उपरोक्त सभी मांगों को सफाई कर्मचारियों के हित में जल्द से जल्द लागू किया जाए।

# चौथना मुक्तिधाम विकास समिति ने अतिक्रमण मुक्त करने एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। थाना चौक से बोर तलाव जाने वाले मार्ग जेल रोड स्तिथ चौथना मुक्तिधाम के सामने लोगों के द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर रोके लगाने विभिन्न समाजों के गणमान्य जनों ने एसडीएम डोंगरगढ़ श्री वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। भविष्य की चिंता को लेकर अनेक सामाजिक संगठन के प्रमुख सामने आए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि, समस्त डोंगरगढ़ निवासियों ने मांग की है कि चौथना मुक्तिधाम के सामने लोगों के द्वारा अवैध निर्माण कार्य जोरों से किया जा रहा है। जिसको तत्काल रोका जाना अतिआवश्यक हो गया है। क्योंकि उक्त जगह पर क्रियाकर्म में शामिल होने वाले लोगों की गाड़ी की पार्किंग व निस्तारी सुविधा की जाती है। और इसके साथ ही वहां पर लोगो के द्वारा वृक्षारोपन करने व मुक्तिधाम को और अधिक साफ सफाई के साथ साथ सुविधाजनक बनाने के लिये आम लोगों से अपील भी की गयी है। इसलिये इन अवैध निर्माण को तत्काल ना रोका गया तो वहां पार्किंग व आगे अन्य कार्य करने में कापी परेशानियों का सामाना करना पड़ेगा। इसलिये अभी समय रहते वहां अवैध निर्माण को रोका जाना आवश्यक हो गया है। ताकि अवैध निर्माण करने वाले को भी निर्माण कार्य करके आर्थिक नुकसान ना उठाना पड़े।

# पहला कॉलम...

## पहाड़ों में हुई भूस्खलन, बाल-बाल बचे श्रद्धालु

नई दिल्ली। मानसून के दौरान पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं अक्सर सामने आती है। वहीं चारधाम यात्रा के बीच उत्तरखंड में पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया है। ब्रदीनाथ हाईवे के पास ये घटना आज सुबह देखने को मिली। ये हादसा बद्रीनाथ हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर हुआ है। यहां मौजूद पाताल गंगा के पास पहाड़ी से एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। इसकी वजह से बद्रीनाथ हाइवे राष्ट्रीय राजमार्ज भी बाधित हो गया है। पाताल गंगा के पास पहाड़ गिरते हुए वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि ऊपर से पहाड़ी का एक हिस्सा टूटा और नीचे आते हुए इसने विकराल रूप धारण कर लिया। पहाड़ का ये हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए नीचे खाई में जा गिरा। ऐसे में धूल ने पूरे इलाके को पूरी तरह से ढक दिया।

बता दें कि बद्रीनाथ हाइवे पर स्थित पागल नाला पर दोपहर करीब मिनट पर ये भूस्खलन देखने को मिला। हालांकि हाइवे की जिस जगह पर पहाड़ टूट कर गिरा, वहां टनल का मुहाना है। इसलिए किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि भूस्खलन इतना जबरदस्त था कि कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। मगर गनीमत इस बात की रही कि भूस्खलन के दौरान हाईवे के उस हिस्से पर कोई वाहन या इंसान मौजूद नहीं था।

## औंधे मुंग गिरा शेयर बाजार

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार और उसके निवेशकों के लिए बुधवार 10 जुलाई 2024 का कारोबारी सत्र मायूसी भरा रहा है. सुबह रिकॉर्ड हाई पर खुलने के बाद बाजार में भारी मुनाफावसूली आ गई जिसके बाद बाजार औंधे मुंग जा गिरा. बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में बिकवाली के चलते दोनों ही सेक्टर के इंडेक्स में एक समय भारी गिरावट देखी गई. हालांकि निचले लेवल से बाजार ने उबरने की कोशिश की इसके बावजूद बीएसई सेंसेक्स का 440 अंकों का झटका लगा है और 80,000 के नीचे फिसलकर 79,924 पर बंद हुआ है. जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120 अंकों की गिरावट के साथ 24,313 अंकों पर बंद हुआ है. बाजार को गिराने में बड़ा योगदान महिंद्रा एंड महिंद्रा के स्टॉक का रहा है जो 6.69 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. टाटा स्टील 2.07 फीसदी , टीसीएस 1.85 फीसदी एचसीएल टेक 1.58 फीसदी, एसबीआई 1.27 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.02 फीसदी, इंफोसिस 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

## रेलवे ट्रैक पर लेटकर पिता-पुत्र ने दी जान

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। ठाणे में एक युवक और उसके पिता ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर मौत को लगे लगा लिया। यह खौफनाक मंजर भायंदर रेलवे स्टेशन के पास का है, जो वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। हालांकि, पिता-पुत्र ने अपनी जान क्यों दी, इसके पीछे की वजह का पता नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई, जब पालघर जिले के भायंदर रेलवे स्टेशन से एक लोकल ट्रेन रवाना हुई। पुलिस को उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान 36 वर्षीय जय मेहता और उनके पिता हरीश मेहता (60 वर्ष) के रूप में हुई है।

## गाजा में इजरायली सेना का हवाई हमला, 29 फिलिस्तीनियों की हुई मौत

नई दिल्ली। दणिणी गाजा में विस्थापितों के कैंप पर एक बार फिर इजरायल ने हमला किया है, जिसमें 29 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबर है. हमास की तरफ से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि खान यूनिस के पूर्व में स्थित अबसाना अल-कबीरा कस्बे में अल-आवदा स्कूल के पास हवाई हमला हुआ है. स्कूल के बाहर विस्थापित फिलिस्तीनी कैंप लगाकर रह रहे थे. दूसरी तरफ इजरायली सेना ने कहा है कि उसने %हमास के मिलिटरी विंग के टेररिस्ट को निशाना बनाने के लिए %सटीक मार करने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया था. इजरायली सेना ने दावा किया है कि इस विंग के सदस्य 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले में शामिल हुए थे. इजरायली सेना का कहना है कि इस हमले में अल-आवदा स्कूल के पास विस्थापित लोगों के कैंप में नागरिकों के हताहत खबर है, जिसकी जांच हो रही है.

बीबीसी के मुताबिक, एक सप्ताह पहले इजरायली सेना ने अबासान अल-कबीरा और खान यूनिस के पूर्व के इलाकों को खाली करने का आदेश दिया था. ऐसी स्थिति में हजारों लोग वहां से जा रहे थे. बीबीसी के पत्रकारों ने इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से बात की है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इलाके में हमले के समय 3,000 से अधिक विस्थापित मौजूद थे.

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया, लगातार दूसरे टी20 मैच में दर्ज की जीत

हरारे। भारत और जिम्बाब्वे के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला गया। तीसरे मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन बनाए हैं। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बना सकी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में टीम इंडिया ने 23 रनों से जीत हासिल कर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। इस मैच में जिम्बाब्वे की टीम कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। सिकंदर रजा की टीम एक बार फिर गेंद और बल्ले से फ्लॉप साबित हुई।



जिम्बाब्वे की शुरुआत इस मैच में झटके के साथ हुई। उन्हें पहला झटका आवेश खान ने मधवेरे के रूप में दिया। वह सिर्फ एक रन बना सके। इसके बाद विकेटों के गिरने का सिलसिला जारी रहा। सात ओवर के अंदर जिम्बाब्वे के पांच विकेट गिर गए। इस मैच में मारुमनी 13, बेनेट चार, रजा 15, कैंपबेल एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मोर्चा मायर्स और मदांडे ने संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई, जिसे सुंदर ने तोड़ा। उन्होंने मदांडे को आउट किया। वह 26 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मायर्स 49 गेंदों पर 65 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 45 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया। इसके अलावा मसाकाद्जा 18 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए सुंदर ने तीन और आवेश ने दो विकेट चटकाए। वहीं, खलील के नाम एक विकेट रहा।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन बनाए। इस मुकाबले में शुभमन गिल ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक जड़ा। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ 49 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर पवेलियन लौटे। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बना सकी।

### सातव ओवर में खोए पांच विकेट

जिम्बाब्वे की शुरुआत इस मैच में झटके के साथ हुई। उन्हें पहला झटका आवेश खान ने मधवेरे के रूप में दिया। वह सिर्फ एक रन बना सके। इसके बाद विकेटों के गिरने का सिलसिला जारी रहा। सात ओवर के अंदर जिम्बाब्वे के पांच विकेट गिर गए। इस मैच में मारुमनी 13, बेनेट चार, रजा 15, कैंपबेल एक रन बनाकर आउट हुए।

### मायर्स-मदांडे ने संभाला मोर्चा

इसके बाद मोर्चा मायर्स और मदांडे ने संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई, जिसे सुंदर ने तोड़ा। उन्होंने मदांडे को आउट किया। वह 26 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मायर्स 49 गेंदों पर 65 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 45 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया। इसके अलावा मसाकाद्जा 18 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए सुंदर ने तीन और आवेश ने दो विकेट चटकाए। वहीं, खलील के नाम एक विकेट रहा।

### जायसवाल ने दिलाई अच्छी शुरुआत

जिम्बाब्वे के खिलाफ इस मैच में भारतीय टीम की शुरुआत शानदार हुई। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई जिसे सिकंदर रजा ने नौवें ओवर में तोड़ा। उन्होंने जायसवाल को बेनेट के हाथों कैच कराया। वह 27 गेंदों में 36 रन बनाने में कामयाब हुए। इस दौरान युवा बल्लेबाज ने 133.33 के स्ट्राइक रेट से चार चौके और दो छक्के लगाए।

### पिछले प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए अभिषेक

इसके बाद अभिषेक शर्मा आए। हालांकि, वह अपने पिछले प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए। वह सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पिछले मैच में उन्होंने शतक लगाया था।

### गिल ने लगाया अर्धशतक

इसके बाद मोर्चा ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। उन्होंने शुभमन गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी निभाई। भारत को तीसरा झटका मुजरबानी ने 18वें ओवर की पांचवीं गेंद पर दिया। उन्होंने कप्तान को आउट किया। गिल इस मैच में अपने टी20 अंतराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक लगाया। इस दौरान उन्होंने 49 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से सात चौके और तीन छक्के निकले।

### अर्धशतक से चूके गायकवाड़

वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 रनों की तूफानी पारी खेली। हालांकि, वह अर्धशतक पूरा नहीं कर सके। उन्होंने 28 गेंदों का सामना करते हुए चार चौके और तीन छक्के लगाए। भारत के लिए संजू सैमसन 12 और रिंकू सिंह एक रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की तरफ से मुजरबानी और सिकंदर रजा ने दो-दो विकेट हासिल किए।

# फ्रांस पर जीत के साथ स्पेन यूरो के फाइनल में

म्यूनिख। लैमिन यामल और दानी ओल्मो के त्वरित गोलों की बदौलत स्पेन ने मंगलवार देर रात यूरो कप 2024 के सेमीफाइनल में फ्रांस पर 2-1 से जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में स्थान बना लिया।16 वर्षीय उभरते सितारे यामल यूरो में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए।

रिपोर्ट के अनुसार, स्पेन ने शानदार शुरुआत की और मैच का पहला मौका तब मिला जब फैबियन रुइज़ ने लगभग पांच मिनट के बाद सुदूर पोस्ट पर हैडर लगाया।9वें मिनट में, फ्रांस, जो ओपन प्ले से स्कोर किए बिना अंतिम चार में पहुंच गया था, ने गतिरोध तोड़ दिया जब किलियन एमबाप्पे के इन-स्विंगिंग क्रॉस पर रान्डल कोलो मुआनी को करीब से गोल कर दिया।स्पेन ने बराबरी के लिए लगातार दबाव डाला लेकिन शुरू में फ्रांस की सुव्यवस्थित रक्षा को भेदना मुश्किल हो गया।



हालाँकि, ला रोजा के प्रयासों का फल मिल गया जब यामल ने 21वें मिनट में गेंद को नेट के शीर्ष कोने में पहुंचाया।केवल चार मिनट बाद लेस ब्लेस के लिए हालात और खराब हो गए जब ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। खेल पुनः आरंभ होने के बाद, डिडिएर डेसचैम्प्स के खिलाड़ी, जो प्रतियोगिता में पहली बार पिछड़ रहे थे, आगे बढ़े और स्पेन पर उनके क्षेत्र में दबाव बना दिया।स्पेन ने अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा। ओस्मान डेम्बेले के खतरनाक क्रॉस को रोकने के लिए गोलकीपर के मजबूर होने से पहले फ्रांस के ऑरेलियन टचौमेनी का हैडर उनाई साइमन के हाथों में चला गया।

फ्रांस और स्पेन ने समापन चरण में आक्रमण किए, जिसमें एमबाप्पे और यामल क्षेत्र के किनारे से करीब आ गए। फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए स्पेन की रक्षापंक्ति मैच के शेष भाग तक मजबूत रही, जहां उनका मुकाबला इंग्लैंड और नीदरलैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। फ्रांस के कोच डेसचैम्प्स ने कहा, हम स्कोरिंग शुरू करने में सफल रहे, जो बहुत अच्छा था, लेकिन स्पेन ने हमसे बेहतर खेल खेला।

# राहुल द्रविड़ ने दिखाया बड़ा दिल, बीसीसीआई से मिले 5 करोड़ लेने से किया इनकार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीता था. बीसीसीआई ने भारतीय टीम की उपलब्धि से खुश होकर प्राइज मनी के तौर पर 125 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया था. हेड कोच रहे राहुल द्रविड़ को 5 करोड़ रुपये मिलने थे. ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा दिए जा रहे 5 करोड़ की राशि लेने से इनकार कर दिया है. आईए जानते हैं कि द्रविड़ ने ये फैसला क्यों लिया.



बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ के लिए 5 करोड़ जबकि बाकी कोचिंग स्टाफ के लिए 2.5 करोड़ रुपये की प्राइज मनी की घोषणा की थी. द्रविड़ ने बीसीसीआई से अनुरोध किया है कि उन्हें बाकी कोचिंग स्टाफ की तरह ही 2.5 करोड़ दिया जाए क्योंकि भारतीय टीम को विश्व चैंपियन बनाने में बाकी कोचिंग स्टाफ की भी उतनी ही भूमिका रही है.

रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई की तरफ से कहा गया है कि हम द्रविड़ की भावनाओं की कद्र करते हैं. वे बाकी कोच की तरह ही प्राइज मनी के रुप में 2.5 करोड़ की लेना चाहते हैं. राहुल द्रविड़ के इस फैसले से भारतीय क्रिकेट फैन काफी खुश हैं और उनकी सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ कर रहे हैं.

ये कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा दी गई प्राइज मनी में खुद ही कटौती की है. 2018 में भारतीय टीम ने पृथ्वी शॉ की कप्तानी में अंडर 19 विश्व कप जीता था. उस समय भी राहुल द्रविड़ टीम के हेड कोच थे. बीसीसीआई ने राहुल को पुरस्कार के रुप में 50 लाख और टीम के बाकी कोचिंग स्टाफ के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा की थी. उस समय भी राहुल ने अपने अन्य कोचिंग स्टाफ की तरफ 20 लाख ही लिए थे. राहुल द्रविड़ जेंटलमैन गेम माने जाने वाले इस खेल के असली जेंटलमैंन हैं. क्रिकेटर और कोच के रुप में वे इस बात को हमेशा साबित करते रहते हैं.

# अल्वारेज़, मेसी के गोलों से अर्जेंटीना कोपा अमेरिका के फाइनल में

ईस्ट रदरफोर्ड (यूएस), 10 जुलाई। जूलियन अल्वारेज़ और लियोनल मेसी के गोलों की मदद से अर्जेंटीना ने मंगलवार को मेटलाइफ स्टेडियम में कोपा अमेरिका 2024 के सेमीफाइनल में कनाडा को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता में लगातार फाइनल में जगह बनाई।



टूर्नामेंट के पिछले पांच संस्करणों में यह अर्जेंटीना का चौथा फाइनल है। अर्जेंटीना टूर्नामेंट के फाइनल में 14 जुलाई को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में कोलंबिया-उरुग्वे मैच के विजेता के खिलाफ खेलेगा।

कनाडा 13 जुलाई को चार्लोट के बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में उपरोक्त मैच में हारने वाली टीम के खिलाफ तीसरे स्थान के प्लेऑफ में खेलेगा।

कनाडा और अर्जेंटीना के बीच पहला हाफ अव्यवस्थित ढंग से शुरू हुआ लेकिन उतना ही मनोरंजक था- बिना मिडफ़ील्ड के, और उस तनाव के बिना जो आमतौर पर निर्णायक मैचों में होता है।

पहला झटका आखिरकार 23वें मिनट में अल्वारेज़ के गोल से लगा, जिसे रोड्रिगो डी पॉल की अच्छी गेंद मिली, जिसने मार्किंग को हिला दिया और गतिरोध तोड़ने के लिए स्कोर किया।

अर्जेंटीना ने कनाडाई हमलों को बेअसर कर दिया और स्कोरिंग के अच्छे मौके बनाए। पहले हाफ की समाप्ति पर मेसी ने क्षेत्र में मूव बनाया और उनका शॉट गोलकीपर के पोस्ट के ठीक आगे से चला गया।

पहले हाफ का आखिरी मौका जोनाथन डेविड के पास था, मैच में कनाडा की ओर से पहला शॉट गोल पर था। हाफ टाइम तक अर्जेंटीना 1-0 से आगे था।

दूसरे हाफ की शुरुआत में, मेसी ने दाहिनी ओर से कट किया जैसा कि वह अपने शुरुआती दिनों में करते थे। बॉक्स के अंदर, उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल को पास दिया और रिबाउंड के बाद एंज़ो फर्नांडीज ने गोल पर शॉट लगाया। मेसी ने स्वयं इसे डिफलेक्ट किया, और वीएआर समीक्षा के बाद, अर्जेंटीना के लिए 2-0 की पुष्टि की गई, जो इस संस्करण में मेसी का पहला और कोपा अमेरिका करियर में उनका 14वां गोल था। उस आरामदायक बढ़त के साथ, अर्जेंटीना ने खेल को धीमा कर दिया और टीम को तरोताजा करने के लिए प्रतिस्थापन किए। डि मारिया भी राष्ट्रीय टीम के लिए अपने आखिरी मैचों में से एक में उतरे।

# टीम इंडिया के नए मुख्य कोच बने गौतम गंभीर



मुंबई। गंभीर आईपीएल में केकेआर और लखनऊ सुपरजाएंट्स के साथ बेहतरीन रणनीतिकार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार चैंपियन बनाया। साथ ही दो सत्र (2022, 2023) में वह लखनऊ को प्लेऑफ तक ले गए। 2024 में बतौर कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर रहते हुए उन्हें चैंपियन बनाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के नए मुख्य कोच का एलान कर दिया है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर टीम इंडिया के नए हेड कोच होंगे। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। द्रविड़ का कार्यकाल टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनते ही समाप्त हो गया।

गंभीर तीनों प्रारूप में टीम इंडिया के कोच होंगे। जय शाह ने पहले ही कहा था कि अलग-अलग कोच नहीं नियुक्त किए जाएंगे। गंभीर का कार्यकाल 3.5 साल का होगा। बीसीसीआई ने मई में आवेदन मंगवाए थे। इसके बाद दो लोगों का टेस्ट लिया गया था। इनमें गंभीर के अलावा भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यूवी रमन का नाम शामिल था। हालांकि, अब जय शाह ने गंभीर के नाम का एलान कर दिया है।

# प्रथम पेज का शेष ....

**0 'यह युद्ध का समय नहीं', रूस के बाद अब ऑस्ट्रिया...**

ब्लादिमीर पुतिन को लगातार तीसरे दिन यह संदेश तब दिया गया है, जब अमेरिका ने भी यह माना है कि मोदी यूक्रेन-रूस युद्ध को रुकवाने में अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं। मंगलवार को अमेरिका का राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय पेंटागन, तीनों ने अलग-अलग समय पीएम मोदी की रूस यात्रा पर टिप्पणी की है।

इधर, व्हाईट हाउस की प्रवक्ता कैरी जीन-पिएरे ने कहा कि भारत के पास यह क्षमता है कि वह पुतिन से युद्ध रोकने की बात कर सकता है। भारतीय प्रधानमंत्री ने सितंबर 2022 में समरकंद में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में सबसे पहले कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मोदी के इस बयान को दुनिया के तकरीबन हर बड़े नेता ने यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर उद्धत किया। वर्ष 2022 के जी-20 के शिखर सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में भी इस पंक्ति का उल्लेख किया गया।

**रूस की धरती से भी शांति का पैगाम**

एक दिन पहले राष्ट्रपति पुतिन के साथ सालाना शिखर वार्ता में भी मोदी ने उनसे मुखातिब हो कर कहा कि जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है और वह दर्द बहुत भयानक होता है। भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए शांति बहुत जरूरी है। मैं यह भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान सभव नहीं है। हमें वार्ता से ही शांति का मार्ग अपनाना होगा।

**0 एनडीए सरकार को टेका देने वालों ने नाक दबाई...**

विजयवाड़ा तथा अमरावती में मेट्रो रेलवे स्टेशन की मंजूरी की मांग की है, जिसका खर्च केन्द्र उठाए, ऐसी मांग भी चन्द्राबाबू नायडू ने की है।

नीतीश कुमार ने बिहार में नौ - नौ एयरपोर्ट, दो इलेक्ट्रीसिटी प्रोजेक्ट, दो रिवर वाटर प्रोजेक्ट और 7 मेडिकल कालेज को मंजूरी देनें की मांग की है। इसके लिए, केन्द्र के द्वारा बड़ी धनराशि दिए जाने की मांग की है।

**0 कोयला घोटाला: निलंबित आईएएस रानू साहू की....**

जमानत याचिका खारिज कर दी.

**0 क्या फिर होगी दीपेश टांक की गिरफ्तारी?**

ईडी मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद रायपुर सेंट्रल जेल में बंद दीपेश टांक की मंगलवार की रात जोल से रिहाई हो गई है. हालांकि ईओडब्ल्य मामले में आज कोर्ट से फैसला आएगा कि उसे हिरासत पर देना है या नहीं. अगर कोर्ट का फैसला ईओडब्ल्यू के पक्ष में आता है तो एक बार फिर दीपेश टांक की गिरफ्तारी हो सकती है.

**0 एक्सप्रेस-वे पर दर्दनाक हादसा, सड़क पर.......**

व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि हादसे में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखदाई है। ऐसी आकस्मिक मृत्यु का शिकार हुए लोगों के परिवार के सदस्यों के प्रति मैं गहन शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**0 नीट पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार ने सुप्रीम.....**

सुनवाई करते हुए एनटीए को भी हलफनामा दायर करने के लिए कहा था, इस मामले में अगल सुनवाई 11 जुलाई 2024 को होगी. यह माना जा रहा है कि गुरुवार को होने वाली सुनवाई से पहले एनटीए भी कोर्ट में हलफनामा दायर कर सकता है। सीबीआई ने नीट मामले में कथित पेपर लीक को लेकर मंगलवार (9 जुलाई 2024) को दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया, सीबीआई अभी तक इस मामले में कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुका है।

# रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी में मोनेट से प्रेरित डिजाइन बढ़ा रहा स्मार्टफोन की खूबसूरती

नई दिल्ली ,10 जुलाई। डिजिटल युग में हमारे स्मार्टफोन सिर्फ कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, वे हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं।

वे दिन गए जब किसी फोन की कीमत सिर्फ उसकी प्रोसेसिंग पावर या कैमरा क्वालिटी से मापी जाती थी। आज के उपभोक्ता ऐसे डिवाइस की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो न सिर्फ बेहतरीन परफॉर्म करते हैं, बल्कि उनकी पर्सनल स्टाइल के अनुकूल हो। इस बदलाव ने स्मार्टफोन डिजाइन के एक नए युग की शुरुआत की है, जहां टेक्निकल खासियत के साथ-साथ यूजर एक्सपीरियंस को भी समान महत्व दिया जाता है।

रियलमी मानता है कि स्मार्टफोन का डिजाइन उसकी कार्यक्षमता के समान ही जरूरी है। इसके लिए उसने रियलमी डिजाइन स्टूडियो की स्थापना की, जो इनोवेटिव मटेरियल, यूनिक फॉर्म्स और उभरती टेक्नोलॉजी पर फोकस करता है। डिजाइन एक्सीलेंस के प्रति यह प्रतिबद्धता उनकी फ्लैगशिप नंबर सीरीज में झलकती है, जो किफायती कीमतों पर एडवांस फीचर्स प्रदान करते हैं।

प्रत्येक नए मॉडल के साथ, रियलमी अलग-अलग डिजाइन को एक्सप्लोर करता है और इमर्सिव विजुअल एक्सपीरियंस की सीमाओं को आगे बढ़ाता है।

इस फिलॉसफी का लेटेस्ट अवतार अपकमिंग रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी-एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा में देखा जा सकता है। ये मॉडल रियलमी और बोस्टन के म्यूजियम ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) के बीच एक अभूतपूर्व सहयोग पर आधारित है, जो आर्ट क्यूरेशन और एग्जीबिशन में ग्लोबल लीडर है।

खूबसूरत प्रकृति को कैद करने के लिए फ्रांसीसी पेंटर क्लाउड मोनेट का डेडीकेशन शानदार है।

उसने अपने पूरे जीवनकाल में ग्रेनस्टैक्स की 25 पेंटिंग और वाटर लिली की 250 से ज्यादा पेंटिंग बनाईं। उनका लक्ष्य दिन के अलग-अलग समय और अलग-अलग मौसमों में एक ही सीन को कैद करना था।

मोनेट के विजन से प्रेरित होकर, रियलमी ने इन सीरीज में से दो सबसे क्लासिक मास्टरपीस को चुना। डिजाइन टीम ने स्मार्टफोन के डिजाइन में मोनेट द्वारा कैद की गई लाइट एंड शैडो को शामिल किया है, जिससे प्रत्येक डिवाइस को प्रभावी रूप से आर्ट के एक हैंडहेल्ड वर्क में बदल दिया गया है।

रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो प्लस 5 जी, दोनों में मोनेट से प्रेरित सुंदरता है, जो ग्लास बैक पैनल के लिए मोनेट गोल्ड और मोनेट पर्पल और वीगन लेदर ऑप्शन के लिए एमराल्ड ग्रीन में उपलब्ध है। ये कलर चॉइस सूरज की रोशनी में गोल्डन हिस्टैक और मोनेट की पेंटिंग में पर्पल वाटर लिली को दर्शाते हैं, जो प्रकृति के साथ जुड़ाव की भावना पैदा करते हैं।

मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिए एक नए इंप्रेशन के साथ रियलमी ने ऐसे स्मार्टफोन बनाए हैं जो उसे उसकी कार्यक्षमता से कहीं आगे ले जाते हैं। रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो प्लस 5जी केवल कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं रह गए हैं, यह हमारे पर्सनल असिस्टेंट्स और एंटरटेनमेंट हब बन गए हैं।

यह विजन रियलमी को बाजार में अनोखे रूप के तौर पर पेश करता है। एक्सेसिबल स्मार्टफोन के लिए अपेक्षाओं को फिर से परिभाषित करता है और साबित करता है कि यह सभी यूजर्स के लिए सुलभ हो सकता है।

रियलमी 13 प्रो सीरीज 5जी जल्द ही बाजार में उपलब्ध होगी।

# मोटर सायकल चोर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा, भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में वाहनों की चोरी करने वाले चोर को धर दबोचा है। बताया जाता है कि पकड़ा गया आरोपी आदतन चोर है तथा पूर्व में भी मोटर सायकल/ मोबाईल चोरी के आरोप मे जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी का नाम मिथलेश मारकण्डे पिता स्व. महेश मारकण्डे उम्र 24 साल निवासी सतनामी पारा लखोली बताया है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि प्रार्थी तरूण काछी पिता बालाराम काछी उम्र 20 साल निवासी गौरी नगर रेल्वे क्रासिंग के पास ने दिनांक 09.07.2024 को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 26.06.2024 से 27.06.2024 के मध्य रात्रि मे केजीएन बिरयानी नया बस स्टैण्ड के पास इसके मोटर सायकल बुलेट रायल इनफिल्ड क्लासिक क्रमांक सीजी 08 ए एल 8133 सिल्वर कलर कीमती 80 हजार रूपये एवं एक नग वन प्लस मोबाईल कीमती 10 हजार रूपये जुमला कीमती 90000 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी ले गया है ।



आरोपी से एक बुलेट रायल इनफिल्ड, एक हीरो मोटर व एक वन प्लस मोबाईल बरामद

पुलिस ने इस रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया और कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में उन्होंने साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना कोतवाली व साइबर सेल राजनांदगांव से टीम गठित कर, अज्ञात आरोपी का पता तलाश के लिए घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज मे मिले क्लू के आधार एवं मुखबीर की सूचना पर लखोली सतनामी पारा आरोपी मिथलेश मारकण्ड को घेराबंदी कर हिरासत मे लिया गया और उससे पूछताछ करने पर उक्त बुलेट व मोबाईल को चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही ग्राम पदमुतरा मे एक हीरो मोटर सायकल को चोरी करना बताया कि आरोपी के कब्जे से एक बुलेट रायल इनफिल्ड और एक हीरो मोटर सायकल तथा एक वन प्लस मोबाईल कीमती जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से बुधवार 10 जुलाई को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल मे दाखिल किया गया।

# ग्राम पिनकापार में स्वच्छता मिशन के तहत कादंबरी महिला स्वसहायता समूह द्वारा कचरा संग्रहित



हरदी (दावा)। स्वच्छता मिशन के तहत ग्राम पंचायत पिनकापार में कादंबरी महिला स्वसहायता समुह द्वारा कचरा संग्रहित करेंगे। सरपंच सोमिन भुआर्य एवं सचिव बलदाऊ देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया।

इस अवसर पर वार्ड पंच दिलेश्वर भुआर्य, रोजगार सहायिका चंद्रसीमा राजपूत, पंच रमेश जगनायक, ग्राम पंचायत भृत्य यशवंत राजपूत, बाबू अमित गांवरे एवं कादंबरी महिला स्वसहायता समुह के सभी सदस्य उपस्तिथ थे।

# आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश हेतु आवेदन 14 जुलाई तक

खैरागढ़ (दावा)। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रथम चरण स्कूल दाखिला प्रक्रिया समाप्त होने के उपरांत रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण में आवेदन करने हेतु समय निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण में के लिए आवेदन 14 जुलाई 2024 तक आमात्रित की गई है।




वही नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 15 जुलाई 2024 से 21 जुलाई 2024 तक चलेगा तथा लॉटरी आवंटन 23 जुलाई 2024 से 26 जुलाई 2024 तक होगा।। वही स्कूल दाखिला प्रक्रिया 29 जुलाई 2024 से 11 अगस्त 2024 तक किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया की कमजोर दुर्बल वर्ग एवं असुविधा ग्रस्त परिवार जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं, व जो छात्र पात्र हैं उनका आवेदन समय सीमा में रिक्त सीट वाली शाला में आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए आयु कक्षा नर्सरी के लिए 3 वर्ष से 4 वर्ष के मध्य होना चाहिए, उसी प्रकार कक्षा केजी 1 के लिए 4 वर्ष से 5 वर्ष के मध्य, कक्षा पहली के लिए 5 से 6 वर्ष के मध्य होना आवश्यक है। आयु की गणना 31 मार्च 2024 की स्थिति में की जाएगी।

# धान खरीदने के लिए करना पड़ता है पहाड़ी रास्तों का सफर, पांच गांव के लोगों ने की प्रशासन से ये मांग

**बालोद (दावा)। जिले के वनांचल ब्लॉक डोंडी लोहारा के 5 गांव के किसान ग्राम खोलझर में खरीदी केंद्र खोलने की मांग लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे।**

ग्रामीणों का कहना है कि वो वनांचल क्षेत्र में रहते हैं पहाड़ी रास्तों को सफर कर अपना धान बेचने जाते हैं और जिस भंवरमरा में वे धान बेचते हैं वहां 15 राजस्व ग्राम आते हैं जिसके कारण वहां पर काफी लेट लतीफी होती है उन्हें वापिस घर आने में रात हो जाता है और जंगली जानवरों का भय भी उन्हें सताता है इसलिए नए खरीदी केंद्र बनाने की मांग लेकर ग्रामीण पहुंचे हुए थे उन्होंने बताया कि नए उपार्जन केन्द्र में 460 किसान प्रभावित होंगे।



## 10 किलोमीटर की दूरी

ग्रामीण आशाराम ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भवंरमरा उपार्जन केन्द्र में 15 राजस्व ग्राम आते है. हम सभी कृषकगण ग्राम खोलझर, नलपानी, भिमदो, लुरकाझर एय. बुल्लुटोला वर्तमान में सेवा सहकारी समिति मर्यादित मर्वरमरा तह. डौंडीलोहारा में धान बेचने जाते है। जो हमारे ग्रामों से लगभग 10 कि. मी. की दूरी पर स्थित है चूंकि धान विक्रय केन्द्र पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आवागमन में बहुत परेशानी होती है।

## किसानों ने जमीन रखा है तैयार

राजकुमार देवांगन ने बताया कि भंवरमरा खरीदी केन्द्र बड़े होने के कारण पंजीकृत किसानों की संख्या सर्वाधिक है, जिस वजह से समय सीमा के अंतर्गत किसानों धान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जिसमें कृषक महिला वर्ग भी है जो धान बेचते समय कभी शाम-रात्रि तक हो जाती है उस वक्त घर पहुंचने में रास्ता जंगल पहाड़ी होने के कारण बड़ी असुविधा होती है। धान खरीदी केन्द्र के लिए ग्रामवासियों द्वारा लगभग 1.49 हे. जमीन सहकारी खाद गोदाम के पास सुरक्षित रखा गया है। जिसके कारण ग्राम खोलझर में इसी वर्ष 2024-25 में धान खरीदी केन्द्र खोला जाना आवश्यक है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा प्रदेश के किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने जा रही है इस कारण से एक अन्य उपार्जन केन्द्र ग्राम खोलक्षर के अंतर्गत 5 ग्राम के लगभग 460 किसानो के 650 हे. रकबा में अनुमानित मात्रा 34000 क्विंटल धान खरीदी की जा सकती है।

# सीएमओ सस्पेंड : गरीबी रेखा कार्ड के लिए मांगे थे रूपये

कोण्डागांव(दावा)। नोनी सुरक्षा योजना के तहत बनने वाले गरीबी रेखा प्रमाण पत्र के एवज में 500 रूपये लेने वाले नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद राजेन्द्र पात्रे को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने गरीबी रेखा प्रमाण पत्र के आवेदन के एवज में 500 रूपए का शुल्क निर्धारित करवाया था। गरीबों से नियम के विरूद्ध जाकर रूपये लेने की शिकायत को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और जांच दल गठित की गई। समिति के प्रतिवेदन के अनुसार नोनी सुरक्षा योजना अंतर्गत दिये जाने वाले गरीबी रेखा प्रमाण पत्र के लिए नगर पालिका अधिनियम में शुल्क लिये जाने का कोई प्रावधान नहीं है और ना ही निकाय द्वारा आयोजित पीआईसी की बैठक में योजना के लिए 500 रूपये शुल्क लिए जाने की कार्यवाही का उल्लेख है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़, 3 युवती सहित 6 गिरफ्तार...

दुर्ग(दावा)। पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त तीन युवतियां व 3 युवकों को पकड़ा है। पकड़े गये लोगों में मुख्य आरोपी निलेश वर्मा लॉज बुक कर ग्राहकों से डील कर लड़कियों को उनके पास भेजा करता था। लंबे समये से मिल रही शिकायत के बाद भिलाई की छावनी पुलिस ने रेड कार्रवाई कर छह लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

दरअसल, जांजगीर के पामगढ़ निवासी निलेश वर्मा 19 वर्ष के द्वारा दुर्ग में आकर सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। निलेश वर्मा ही ग्राहकों से संपर्क करता था। ग्राहकों को वाट्सएप पर लड़कियों की फोटो भेजकर रेट तय करता था और फिर डील होने के बाद लॉज बुक कर ग्राहकों के पास लड़कियां भेजता था।

छावनी पुलिस को सेक्स रैकेट की शिकायत लंबे समय से मिल रही थी। शिकायत की जांच के बाद एएसपी सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में छावनी पुलिस ने प्रभात लॉज पावर हाउस में 9 जुलाई को रेड मारी गई। पुलिस को देख देहव्यापार में लिप्त महिलाएं और युवक भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में सभी ने देहव्यापार करने की बात कबूल की है। आरोपियों के विरूद्ध थाने में धारा 3,4,5,7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत न्यायालय दुर्ग में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उक्त कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक हरिश पाटिल, उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर, उनि वरूण देवता, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक जीत नारायण , महिला आरक्षक पदमिनी कौशिक की सराहनीय भूमिका रही है ।

गिरफ्तार आरोपियो-(1) निलेश वर्मा पिता साहेबलाल वर्मा उम्र 19 साल साकिन ग्राम पेण्डरी थाना पामगढ़ जिला जांजगीर। सुप्रभात शील पिता विमल कृष्ण शील उम्र 44 साल शाप नंबर 86 रवि शुक्ला, मार्केट भिलाई, दुर्ग। राजेन्द्र यादव पिता रघु यादव उम्र 37 साल गिरधारी नगर चण्डी मंदिर के आगे थाना दुर्ग सहित तीन अन्य महिला भी शामिल है।



**राजनांदगांव (दावा)। रविवार को गांधी चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकली रथ यात्रा में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नीरज कन्नौजे भी विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कन्नौजे सहित उनके बड़े संख्या में समर्थकों ने रथ की डोर खींचते हुए जय घोष किया एवं शहर की सुख समृद्धि की कामना की।**

# फरार आरक्षक गिरफ्तार

राजनांदगांव(दावा)। ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक मामले में लंबे समय से फरार बहुचर्चित सस्पेंडेड आरक्षक सहदेव यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईओडब्लू की टीम ने नाटकीय घटनाक्रम के तहत राजंनादगांव के सोमनी के एक ढाबे से सहदेव को पकड़ा है। ईओडब्लू की टीम सहदेव यादव को लेकर राजधानी रायपुर के लिए रवाना हो गई है। दुर्ग पुलिस का सस्पेंडेड आरक्षक है सहदेव यादव। सहदेव के दो भाई भीम सिंह और अर्जुन सिंह पहले ही इस मामले में निलंबन के बाद पुलिस की नौकरी खो चुके हैं।

# गंधर्व समाज का क्षेत्रीय बैठक 14 को

राजनांदगांव (दावा)। गंधर्व समाज राजनांदगांव की क्षेत्रीय बैठक दिनांक 14 जुलाई 2024 दिन रविवार समय 11 से शाम 3 बजे तक आयोजित किया गया है। यह बैठक ग्राम मनकी आबादी पारा में रखा गया है। राजनांदगांव के सभी क्षेत्रीय समाजिक बंधुओं से निवेदन है कि उक्त बैठक पर अपना उपस्थिति प्रदान करें। बैठक पर हरीराम सोनवानी, माधो रावणा एवं समाज के प्रमुख जन उनस्थित रहेंगे। यह जानकारी भागवत देवदास क्षेत्रीय अध्यक्ष राजनांदगांव द्वारा दिया गया है।

# शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री मामले में 7 माह से कार्यवाही नहीं

**राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत सोमनी द्वारा 28 नवंबर, 2023 को कलेक्टर, राजनांदगांव के समक्ष आबादी शासकीय भूमि की कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खरीदी-बिक्री पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की शिकायत की गई थी। आज सात माह बाद भी खरीदी-बिक्री करने वालों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह एक बड़ा सवाल है, आखिर प्रशासन किसके दबाव में है।**



इस प्रकरण पर डोंगरगांव विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा क्षेत्र एवं विकास प्राधिकरण दलेश्वर साहू ने भी विधानसभा में प्रश्न लगाया था, जिसमें प्रशासन ने उन्हें गोल-मोल जानकारी प्रदान कर कार्यवाही प्रगतिरत होना बताया गया, लेकिन कार्यवाही अभी तक शून्य हैं, इसकी शिकायत वर्तमान सांसद संतोष पांडे से भी की गई थी।

सांसद ने तात्कालिक कलेक्टर से टेलिफोनिक चर्चा कर एवं पत्र भेजकर कार्रवाई के लिए लिखित निर्देश दिये थे। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के भी निर्देशों का पालन नहीं किया गया, इससे पता चलता है कि जमीन की खरीदी-बिक्री करने वालों के हौसले कितने बुलंद है। स्थानीय प्रशासन कितना लाचार नजर आता है। इस प्रकरण में फरवरी 2024 में ही तहसीलदार मनीष वर्मा द्वारा प्रतिवेदन अनुविभागीय दंडाधिकारी, राजनांदगांव को प्रस्तुत कर दिया गया, लेकिन वर्तमान एसडीएम द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। आवेदकों द्वारा बार-बार निवेदन करने पर भी आश्वासन ही दिया जा रहा है, इससे स्थानीय प्रशासन की विफलता ही मानी जाएगी। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद राजस्व प्रकरणों के निपटारे पर जोर दिया गया है। कई आदेश भी जारी हुए, लेकिन आम नागरिकों से लेकर संवैधानिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को भटकना पड़ रहा है। क्या इसे सरकार का प्रशासन पर कसावट का ना होना माना जाए या अधिकारियों की मनमानी। सोमनी में आए दिन लोग शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रहे है, फिर उसे अन्य व्यक्ति को बेच दे रहे हैं। सोमनी सिंचाई जलाशय की भूमि का बड़ा भाग अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया है। सिंचाई विभाग में कई शिकायतें गई है, लेकिन विभाग को कोई लेना-देना नहीं है।

इसी प्रकार राजगामी की भूमि का बड़ा भाग अतिक्रमणकारियों ने कब्जा लिया है। स्कूल की भूमि हो या बाजार की भूमि लोगों ने गौठान को भी नहीं छोड़ा है। अब देखना होगा कि आने वाले समय में प्रशासन कुंभकरनीय नींद से जागकर कब और क्या कार्यवाही करता है। तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में रिक्त पड़ी भूमि के पट्टों को निरस्त कर पंचयात को हैंडओवर करने की बात कही है। शासकीय भूमि की खरीद-फरोख्त करने वालो पर एफआईआर भी नहीं की गई वे खुलेआम घूम रहे है। पटवारी को सस्पेंड कर पूरे प्रकरण को दबा दिया गया।

# 'एक रुपया बचाया गया, एक रुपया कमाया हुआ है' कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा वित्तीय प्रबंधन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में तथा आइक्यूएसी समन्वयक डॉ अनिता साहा एवं जिला एनएसएस प्रभारी डॉ सुरेश पटेल के नेतृत्व में डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वित्त पोषित एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर एवं दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव, छ.ग. के संयुक्त तत्वावधान में 'वित्तीय साक्षरता' विषय पर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 4 जुलाई से 6 जुलाई तक एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश कुमार खुटियारे, डिप्टी फाइनेंस ऑफिसर, जिला पंचायत, राजनांदगांव उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा फाइनेंशियल मैनेजमेंट से जुड़े कई बिंदुओं पर जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर ने प्रतिभागियों को बजट बनाकर वित्त के प्रबंधन की सलाह दी। प्रथम



वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश पटेल, सहायक प्राध्यापक, भौतिक शास्त्र ने वित्तीय साक्षरताः बचत, बजट एवं निवेश विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ. डी पी कुर्रे, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने वित्तीय साक्षरता का महत्व वर्तमान में भारत में वित्तीय साक्षरता का स्तर विषय पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया एवं विद्यार्थियों के प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में प्रथम सत्र के वक्ता रोहित पाल, रीजनल ऑफिसर, फाइनेंशियल लिटरेसी, नारायणपुर थे उन्होंने बैंकिंग एवं बैंक प्रोसेस पर विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र की प्रथम वक्ता श्रीमती डेरहिन मटियारा, एफएलसीआरपी, कांकेर उपस्थित थीं, जिन्होंने फाइनेंशियल रिस्क और गेम तथा स्मार्ट सेविंग, लोन, इंश्योरेंस एंड पेंशन इत्यादि पर खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता से जुड़े इन तथ्यों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन के प्रथम वक्ता वरुण कुमार शुक्ला ब्रांच मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया राजनांदगांव उपस्थित हुए, जिन्होंने बैंकिंग सर्विसेज और उनके प्रबंधन के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की तथा उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग के क्षेत्र में निकलने वाली विभिन्न नौकरियां हेतु प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। दूसरे वक्ता के रूप में द्वारिका प्रसाद लाउत्रे की आई, साइबर सेल, राजनांदगांव उपस्थित हुए, जिन्होंने साइबर क्राइम विषय पर विद्यार्थियों को वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम के उदाहरण के साथ विस्तृत में जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय भी बताएं। कार्यशाला के समापन समारोह में सुशील गजभिए फाइनेंस ऑफिसर, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग मुख्य अतिथि के रूप में तथा प्रोफेसर कविता ठाकुर, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटोनिक्स एवं रिन्यूएबल एनर्जी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला से वित्तीय साक्षरता से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की एवं अपने फीडबैक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने प्रसन्नता जाहिर की कि वह इतने ज्वलंत विषय पर इतनी महत्वपूर्ण जानकारियां इस कार्यशाला के माध्यम से प्राप्त कर पाए तथा उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में भी अपने आसपास रहने वाले लोगों को इस विषय पर जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अतिथियों ने महाविद्यालय के इस प्रयास की काफी सराहना की।

# मुख्यमंत्री ने दिये निर्माणाधीन कार्यो की जांच के निर्देश

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के परिपालन में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में मरम्मत योग्य शालाओं के जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत कार्यों की जांच शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों को उक्त योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के औचित्य, आवश्यकता, पूर्णता तथा निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति की विशेषज्ञ समिति से जांच कराकर निर्धारित प्रपत्र में 15 दिवस के भीतर जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने इस संबंध में कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि योजना के तहत स्वीकृत कार्यों के लिए विभाग द्वारा पूर्व में राशि जारी की गई थी।

# यादव कोसरिया समाज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। यादव कोसरिया समाज के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे। आयोजक समिति द्वारा विधायक भोलाराम साहू का पुष्पमाला पहनाकर, बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया।

विधायक श्री साहू ने इस अवसर समाज के मनोनीत अध्यक्ष उदेप्रकाश यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनको समाज की भलाई एवं उन्नति सुख समृद्धि और शिक्षा पर जोर देने के लिए प्रेरित किया ताकि यादव समाज मजबूती के साथ आगे बढ़े, साथ ही समाज की मांग को भी पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अब्दुल रफीक खान, यादव कोसरिया समाज के प्रमुख खोरबहराराम यादव, गौरीशंकर यादव, श्रीमती नीरा यादव, अरुण यादव, नरेश यादव बंटी यादव एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com